Title Code :- RAJHIN27855

TDN THE DAYSPRING NEWS

दैनिक
# द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 अंक:235 मूल्य: 3 रू पेज: 8 जयपुर, गुरुवार/ 18 सितम्बर /2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर , सिरोही से प्रसारित)





**भूमाफिया को अब नोटिस नहीं, सीधे बुल्डोज़र**

# नदी-नालों और चारागाह पर कब्जे का खेल खत्म - अदालत ने दिया बड़ा आदेश

द डेस्प्रिंग / जयपुर।

नदी-नालों, तालाब और चारागाह जैसी सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने वाले भूमाफियाओं को अब बड़ा झटका लगा है। अदालत ने सख्त अंतरिम आदेश सुनाते हुए साफ कहा कि ऐसी जमीनें किसी की निजी जागीर नहीं बन सकतीं। यदि इन पर कोई अवैध निर्माण हुआ तो तुरंत ध्वस्तीकरण किया जाएगा और खर्च कब्जेदारों से वसूला जाएगा।

### अदालत का स्पष्ट संदेश - सार्वजनिक भूमि पर कोई निजी हक नहीं

मदनलाल जाट बनाम जयपुर विकास प्राधिकरण मामले में अदालत ने कहा कि जब तक किसी भूमि का वैध स्वामित्व सिद्ध नहीं होता, उस पर किसी भी तरह का निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

जांच में सामने आया कि जिस सहकारी सोसायटी से याचिकाकर्ता ने प्लॉट खरीदा था, उसके पास इस भूमि को बेचने का कोई वैधानिक अधिकार ही नहीं था। राजस्व रिकॉर्ड में जमीन तालाब, नाले और ग्राम पंचायत के नाम दर्ज मिली।

**तालाब, नाले, चारागाह किसी की निजी संपत्ति नहीं**

**बिना जेडीए अनुमति कोई भी विकास कार्य अवैध**

**अवैध निर्माण तुरंत ध्वस्त, खर्च कब्जेदार से वसूला जाएगा**

**अदालत ने कहा - अब नोटिस नहीं, सीधे बुल्डोज़र**



### अदालत के आदेश का महत्व

यह फैसला जयपुर और आसपास के क्षेत्रों में सरकारी व ग्राम पंचायत भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण और प्लॉटिंग पर लगाम लगाने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अदालत ने साफ कहा कि अब कोई बहाना नहीं चलेगा–पानी रोकने वाली जमीनों और सार्वजनिक चारागाह पर कब्जा करना सीधा अपराध है।

### कानून की धाराओं से साफ - कब्जा और निर्माण गैरकानूनी

राजस्थान भूमि राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 16 और 92, पंचायत राज अधिनियम की धारा 42, और जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1982 की धारा 17 - इन सभी प्रावधानों के तहत तालाब, नाले और चारागाह जैसी जमीनें सार्वजनिक उपयोग की श्रेणी में आती हैं। अदालत ने यह भी दोहराया कि सहकारी सोसायटी का पुराना आवंटन पत्र स्वामित्व का प्रमाण नहीं माना जा सकता।

### जेडीए को ध्वस्तीकरण के अधिकार

कोर्ट ने जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) को आदेश दिया है कि अगर अवैध निर्माण जारी रहा तो तत्काल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। साथ ही, निर्माण हटाने और खर्च की वसूली भी कब्जेदारों से की जाएगी।

## हाइड्रोजन बम फोड़ने वाले हैं राहुल गांधी? आज करेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस, पटना में उठाया था मुद्दा



नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस नेता वोट चोरी के मुद्दे को लेकर हाइड्रोजन बम फोड़ सकते हैं। हालांकि प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी किस मुद्दे पर बात करेंगे यह अब तक साफ नहीं है। राहुल गांधी ने पटना में एक सितंबर को अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन कार्यक्रम में कहा था कि उनकी पार्टी जल्द ही वोट चोरी पर हाइड्रोजन बम फोड़ेगी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का सामना नहीं कर पाएंगे। बुधवार को पीएम मोदी का देशभर में 75वां जन्मदिन मनाया गया। बुधवार शाम को कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया पर राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस की जानकारी साझा की। पवन खेड़ा ने एक्स पर लिखा, 17 सितंबर को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सुबह 10 बजे इंदिरा भवन ऑडिटोरियम में विशेष प्रेस ब्रीफिंग करेंगे। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि राहुल गांधी किस मुद्दे पर बोलेंगे। बिहार में राहुल गांधी ने कहा था कि वोट चोरी का मतलब अधिकार की चोरी, आरक्षण की चोरी, रोजगार की चोरी, शिक्षा की चोरी, लोकतंत्र की चोरी, युवाओं के भविष्य की चोरी। यह आपकी जमीन, आपका राशन कार्ड लेकर अडाणी-अंबानी को दे देंगे। महात्मा गांधी की हत्या करने वाली शक्ति संविधान की हत्या करने की कोशिश कर रहे हैं। हम इन्हें संविधान की हत्या नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा था कि हमने बिहार की यात्रा की। बिहार के सारे के सारे युवा खड़े हो गए। छोटे-छोटे बच्चे जीप के पास आते थे, कहते थे वोट चोर, गद्दी छोड़। बीच में बीजेपी के लोग काले झंडे दिखाते थे। आपने एटम बम का नाम सुना है? एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम होता है। बीजेपी के लोगों तैयार हो जाओ, हाइड्रोजन बम आ रहा है। पूरे देश को आपकी सच्चाई पता लगने वाली है। हाइड्रोजन बम के बाद नरेंद्र मोदी जी अपना चेहरा देश को नहीं दिखा सकेंगे

**ग्रामदान भूमि पर भूमाफियाओं को बड़ा झटका**

# बस्सी नागा में अवैध कब्जों पर कार्रवाई के आदेश

द डेस्प्रिंग




**जयपुर।** ग्रामदान की भूमि पर चल रहे अवैध कब्जों और भूमाफियाओं की करतूतों पर अब सख्ती शुरू हो गई है। ग्रामदान बोर्ड ने एक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए ग्राम सभा को स्पष्ट आदेश दिए हैं कि ग्राम सभा आयोजित कर अवैध निर्माण और अतिक्रमण को तुरंत हटाने की कार्रवाई की जाए। भूदान ग्रामदान बोर्ड ने कहा है कि ग्रामदान की भूमि सामुदायिक संपत्ति है और इसका उपयोग गाँव के गरीबों व भूमिहीन किसानों के हित में होना चाहिए, न कि भूमाफिया द्वारा फार्म हाउस और कॉलोनियां खड़ी करने के लिए। बस्सी नागा क्षेत्र में लंबे समय से भूमाफियाओं द्वारा ग्रामदान भूमि पर कब्जे का खेल चल रहा था, जिस पर अब लगाम कसने की तैयारी हो चुकी है। आदेशों के बाद ग्राम सभा की जिम्मेदारी होगी कि वह कानून के अनुसार कार्रवाई करे और भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराए।

### स्थानीय ग्रामीणों की उम्मीदें

भूदान ग्रामदान बोर्ड के इस कदम से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि अब गाँव की सामूहिक जमीन पर अवैध कब्जों का अंत होगा और भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। अब बस्सी नागा में देखना होगा कि ग्राम सभा कितनी जल्दी आदेशों का पालन करते हुए भूमि को मुक्त कराती है।

## दुनिया ने देखा जैश आतंकी रो-रोकर बता रहा था अपना हाल: पीएम मोदी

धार।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। देश-दुनिया ने देखा कि पाकिस्तान के जैश आतंकी ने कैसे रो-रोकर अपना हाल बताया। यह नया भारत है, किसी की परमाणु धमकियों से डरता नहीं है। घर में घुसकर मारता है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले के भैंसोला में देश के पहले पीएम मित्र पार्क (प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड एपेरल पार्क) के शिलान्यास के साथ ही देशभर के लिए 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत के चार स्तंभ हैं। नारी, युवा, गरीब और किसान। आज इस कार्यक्रम में चारों स्तंभों को नई ऊर्जा देने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि घर में मां बीमार हो जाए तो पूरा परिवार चरमरा जाता है। इसलिए मां-बहनों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार के तहत दो अक्टूबर तक देशभर में लगने वाले स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं।



यहां जांच निशुल्क होगी और दवाएं भी मुफ्त मिलेंगी। मां-बहनों के स्वास्थ्य से ज्यादा कीमती सरकारी तिजोरी नहीं है। पीएम मित्र पार्क का उल्लेख करते उन्होंने कहा कि आज धार से बड़ी औद्योगिक शुरुआत हो रही है। इस पार्क से भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री को नई ऊर्जा मिलेगी। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य तो युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा। देश में ऐसे छह और पार्क खोले जाएंगे। टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए सरकार फाइव-एफ विजन पर काम कर रही है। पहला फार्म (खेत), दूसरा फाइबर, तीसरा फैक्ट्री, चौथा फैशन, पांचवां फारेन (विदेश) है। यहां हमारे उत्पाद सस्ते बनेंगे तो वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धियों को टक्कर भी देंगे।

## कुछ लोग कहते थे भारत-पाक संघर्ष उन्होंने रुकवाया, अब पता चल गया न', इशाक डार के बयान पर राजनाथ सिंह

हैदराबाद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बयान में कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। राजनाथ सिंह ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर बिना नाम लिए निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था। हैदराबाद में आयोजित 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि 'कुछ लोग भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को स्वीकार नहीं किया।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता।' गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने पहलगाम हमले के बाद हुए भारत-पाकिस्तान संघर्ष में मध्यस्थता कराई थी, लेकिन भारत ने इस दावे को बार-बार खारिज किया और साफ कहा कि भारत और



पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर की बातचीत के बाद संघर्ष विराम पर सहमति बनी और किसी तीसरे पक्ष की इसमें कोई भूमिका नहीं है। मंगलवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी ट्रंप के दावे की पोल खोल दी और साफ कहा कि भारत ने संघर्षविराम में किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता अस्वीकार कर दी थी। इशाक डार ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मई में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान उनसे कहा था कि भारत ने युद्ध विराम के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार कर दिया, क्योंकि यह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय मुद्दा है। हैदराबाद मुक्ति दिवस के अवसर पर राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन पोलो को भी याद किया और कहा कि 'रजाकारों का आतंक लगभग पहलगाम के आतंक के समान ही था जहां लोगों से धर्म पूछकर उन्हें मारा गया। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भी रजाकारों की तरह भारत के सामाजिक सौहार्द्र पर प्रहार था। आज भी देश में रजाकारों के हमदर्द मौजूद हैं। मैं साफ कहना चाहता हूं, ये ही हमारे सबसे बड़े दुश्मन हैं। पर हम दृढ़ संकल्पित हैं कि इस सोच, इस विचारधारा और इस मानसिकता को भारत से पूरी तरह समाप्त करेंगे। भारत की अखंडता और एकता से बड़ा कोई मूल्य नहीं है।'

## राजस्थान बन रहा न्यूक्लियर पावर सेंटर, पीएम मोदी बांसवाड़ा में प्रोजेक्ट को दिखाएंगे हरी झंडी

जयपुर

न्यूक्लियर पावर के मामले में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। राजस्थान में एक और न्यूक्लियर पावर संयंत्र लगने वाला है। जानकारी के मुताबिक इसी सितंबर महीने के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) की ओर से बांसवाड़ा में यह प्रोजेक्ट लगाया जा रहा है। राजस्थान में न्यूक्लियर पावर का पहला संयंत्र रावतभाटा में



लगा हुआ है। अब बांसवाड़ा में दूसरा संयंत्र लगने वाला है। रावतभाटा में दो यूनिट निर्माणाधीन है। अब बांसवाड़ा में लगाए जाने वाले दूसरे संयंत्र के तहत चार यूनिट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। पहली यूनिट का शिलान्यास इसी महीने होने वाला है। छह महीने बाद दूसरी यूनिट, 11 महीने बाद तीसरी यूनिट और इसके कुछ महीनों बाद चौथी यूनिट लगाए जाने का प्लान है। वर्ष 2031 में बांसवाड़ा के नापला में लगने वाले इस संयंत्र से उत्पादन शुरू किए जाने का लक्ष्य है। ये चारों यूनिट 700-700 यूनिट की होंगी। सभी यूनिट शुरू होने के बाद राजस्थान में न्यूक्लियर बिजली उत्पादन 5900 मेगावाट हो सकेगा। बांसवाड़ा में लगने वाले न्यूक्लियर पावर प्लांट से प्रदेश के पांच हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलने वाला है। कुल 623 हेक्टेयर में अलग-अलग यूनिट लगने वाली है। एनटीपीसी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदीप सिंह राजस्थान स्थित माही बांसवाड़ा प्रोजेक्ट की पहली यूनिट को 2031 तक चालू करने का लक्ष्य है, जबकि पूरी परियोजना 2036 तक पूरी तरह ऑपरेशनल हो जाएगी।

# गिरफ्तार क्यों नहीं किए जाते पराली जलाने वाले किसान? सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण पर जताई चिंता

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने सर्दियों में सामान्य तौर पर वायु प्रदूषण बढ़ जाने के बारे में बुधवार को चिंता जताते हुए पराली जलाने वाले किसानों पर कठोर कार्रवाई करने पर विचार करने को कहा ताकि एक संदेश जाए। कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा कि पराली जलाने वाले जो कुछ किसान हैं उन्हें गिरफ्तार क्यों न किया जाए, ताकि एक कड़ा संदेश दिया जा सके। शीर्ष अदालत ने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर जोर देते हुए कहा कि किसान देश के लिए महत्वपूर्ण हैं लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि उन्हें बिना रोक टोक पराली जलाने की अनुमति दी जाए। दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सुनवाई कर रही प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि किसान हमारे लिए विशेष हैं हम उनकी बदौलत खा




रहे हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम पर्यावरण की रक्षा नहीं कर सकते। कोर्ट ने सरकार से कहा कि आप निर्णय लें अन्यथा हम आदेश जारी करेंगे। कोर्ट ने पंजाब सरकार की ओर से पेश वकील राहुल मेहरा से पूछा कि पराली जलाने के दोषी किसानों को क्यों नहीं गिरफ्तार करके पराली जलाने के लिए उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। चीफ जस्टिस गवई ने कहा कि हम किसानों का सम्मान करते हैं। किसान खास हैं और हम उनकी बदौलत खा रहे हैं लेकिन किसी को भी पर्यावरण को प्रदूषित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीठ ने सरकार से कहा कि आप दंडात्मक प्रविधानों के बारे में क्यों नहीं विचार करते। अगर कुछ लोग जेल जाएंगे तो इससे सही संदेश जाएगा। अगर वास्तव में आपकी मंशा पर्यावरण संरक्षण की है तो फिर आप कार्रवाई करने से क्यों हिचकिचा रहे हैं। कोर्ट ने इसके पहले सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि पराली को जलाने के बजाए जैव ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। मेहरा ने कहा कि पंजाब सरकार पहले ही कई कदम उठा चुकी है और प्रदूषण का स्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। पिछले साल इसमें कमी आयी थी अब और भी कमी आएगी। तीन सालों में बहुत कुछ हासिल किया गया है और इस साल भी बहुत कुछ हासिल किया जाएगा। हाल के वर्षों में पराली जलाने की संख्या 77000 से घट कर 10000 रह गई है। वकील ने कहा कि एक हेक्टेयर जमीन जोतने वाले किसानों को गिरफ्तार करने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और अगर उन्हें गिरफ्तार किया जाता है तो उनके आश्रितों को भी नुकसान होगा। कोर्ट ने जब पूछा कि किस कानून के तहत पराली जलाने पर रोक है तो एक वकील ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम का हवाला दिया। हालांकि कोर्ट ने कहा कि इस कानून के तहत आपराधिक मुकदमा चलाने के प्रविधान वापस ले लिए गए हैं। चीफ जस्टिस ने पूछा कि इसे वापस क्यों लिया गया? लोगों को सलाखों के पीछे डालने से सही संदेश जाएगा। पीठ को बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण कानून दंड का प्रविधान नहीं करता, बल्कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अधिनियम दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रविधान करता है। हालांकि चीफ जस्टिस ने वकील मेहरा द्वारा जताई गई चिंताओं पर गौर करते हुए अपनी टिप्पणियों को स्पष्ट किया और कहा कि नियमित रूप से गिरफ्तारियां नहीं होनी चाहिए, बल्कि एक उदाहरण स्थापित करने के लिए जरूरी हो सकती हैं। नियमित रूप से नहीं बल्कि एक संदेश देने के लिए हो सकती हैं। मामले में न्यायमित्र वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह ने कहा कि 2018 से सब्सिडी उपकरण और कोर्ट के बार बार आदेश के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई खास सुधार नहीं हुआ है। सीएक्यूएम की ओर से पेश एडीशनल सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अपडेटेड स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय मांगा।

# शहरी सेवा शिविर का बीडीए आडिटोरियम में शुभारम्भ

## जनप्रतिनिधि, अधिकारियों ने पात्रजनों को मौके पर किया लाभान्वित

## आमजन को शिविर में सभी योजनाओं का सुगमता से मिले लाभ - संभागीय आयुक्त

द डेस्प्रिंग

**भरतपुर ।** शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ बुधवार को बीडीए ऑडिटोरियम परिसर में संभागीय आयुक्त डॉ टीना सोनी, जिला कलक्टर कमर चैधरी, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने जनप्रतिनिधियों विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया। शहरी सेवा शिविर में लगाए गए स्टोलो का निरीक्षण कर अतिथियों ने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा आमजन की समस्याओं का निराकरण कर विभिन्न योजनाओं का मौके पर लाभ देने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने कहा कि आमजन को घर बैठे योजनाओं का लाभ देने के साथ समस्याओं का निराकरण के लिए चलाए जा रहे हैं अभियान में सभी विभाग सक्रियता से भागीदारी निभाकर वार्ड बार समस्याओं को चिन्हित करें तथा आम जन को योजनाओं का लाभ देकर लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिविरों में जिन व्यक्तियों को योजनाओं के लाभ के लिए चिन्हित किया गया है उन्हें सूचित कर मौके पर लाभान्वित



कराए।जिला कलेक्टर ने कहा कि शिविर में आने वाला कोई भी व्यक्ति निराश होकर नहीं लौटे। वार्डवार टीम लगाकर नालियों की सफाई, सड़कों के पेचवर्क के साथ जिन व्यक्तियों द्वारा पट्टा के लिए आवेदन किए गए हैं उन्हें आवासीय पट्टा जारी करें। उन्होंने शहरों में आधार कार्ड दुरुस्त करने, ई केवाईसी करवाने, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत करने, पेयजल विद्युत समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले नागरिकों का स्वास्थ्य जांच कर विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दें। जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी विभाग आमजन को स्वप्रेरित होकर राहत प्रदान करें। उन्होंने आवासीय पट्टा एवं शहरी क्षेत्र के विभिन्न कार्यों के लिए सरकार द्वारा दी गई छूट का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा आवासीय पट्टों का वितरण किया गया तथा मुख्यमंत्री स्वयं निधि योजना में स्वीकृत ऋण के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। उद्घाटन अवसर पर भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त कनिष्क कटारिया, नगर निगम आयुक्त श्रवण बिश्नोई, अतिरिक्त कलेक्टर शहर राहुल सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधियों में गिरधारी तिवारी, गिरधारी गुप्ता, पूर्व नेता प्रतिपक्ष रूपेंद्र सिंह जघीना, शैलेश कौशिक, सत्येंद्र गोयल आईसीडीएस के उपनिदेशक सिकरामा राम, भरतपुर शहर के सीडीपीओ कृष्ण कांत शर्मा, शहरी परियोजना की एल एस साधना सहित सभी विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ये हुये लाभान्वित

शहरी सेवा शिविर में नगर निगम एवं बीडीए द्वारा आयोजित शिविर में नगर निगम द्वारा 69ए के एक पट्टा जारी किया, स्टेट ग्रांट एक्ट के 2, फायर एनओसी 1, पेंशन सत्यापन 1, साफ-सफाई के 9, प्रधानमंत्री आवास योजना के 11, सीएम स्वनिधि के 6, यूडी टैक्स के 4 आवेदनों का निस्तारण किया गया। बीडीए द्वारा स्कीम शाखा में प्राप्त 6 आवेदनों का निस्तारण किया गया, नामांकरण के 7, प्लान ले आउट के 3 तथा विक्रय एनओसी के 3 आवेदनों का निस्तारण किया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा मातृ वंदना योजना में 29 पोषण ट्रेकर में ई-केवाईसी द्वारा 74 पात्रजनों को लाभान्वित किया। बीईएसल द्वारा 5 विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण किया, जलदाय विभाग द्वारा दो लीकेज ठीक किये गये, चिकित्सा विभाग द्वारा एनसीडी योजना में 35 जनों को लाभान्वित किया, रसद विभाग द्वारा 20 जनों की ई-केवाईसी एवं 10 जनों की आधार सीडिंग की गई। बैंक द्वारा 7 नवीन खाते खोले गये, एसबीआई द्वारा 12 जनों की ई-केवाईसी, अटल पेंशन योजना में एक, पीएमजेजेवाई में 8, पीएमएसबीआई में 12 जनों को लाभान्वित किया गया।

## भाजपा मंडल रानी ने सेवा पखवाड़ा की शुरुआत अस्पताल मे फल फ्रुट विरण एवं सफाई करके की

द डेस्प्रिंग

**रानी / नगराज वैष्णव ।** आज भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष हरिश गहलोत के नेतृत्व एवं सेवा पखवाड़ा संयोजक दिनेश जैन व डालचंद चौहान एवं नगरपालिका अध्यक्ष भरत राठौड़ के सानिध्य मे आज यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मोदिवस को सेवा पखवाड़ा के रुप में मनाते हुए। आज सरकारी अस्पताल मे सफाई अभियान चलाकर एवं अस्पताल मे मरीजो को फल फ्रुट बिस्किट एवं जुश देकर सेवा पखवाड़े की शुरूआत की* इस अवसर पर- पूर्व मंडल अध्यक्ष जयंतीलाल वैष्णव, पार्षद घिसुलाल चौधरी, पार्षद सिता बंजारा, पार्षद सेतकी देवी,पार्षद नर्बदा कंवर राजपुरोहित, पार्षद जोधाराम कुमावत, पार्षद महेश भील, पार्षद पदम सिंह राठौड़, पार्षद ललित सोनी, पार्षद मनिष मेहता, भरत बोराणा, राहुल सोनी,रवि धोका, मुकेश राठौड़, शंकरसिंह राजपुरोहित,प्रवीण ऐरन, पवन मेवाडा, सवाराम सोंलकी, सुरेश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, ईश्वर सिंह राजपुरोहित, इंद्र सिंह राजपुरोहित, विक्रम सोंलकी, प्रवीन पोर वाल



# पोषण रैली को हरी झंडी दिखाई - जिला कलेक्टर

द डेस्प्रिंग

**भरतपुर ।** महिला व बाल विकास विभाग की ओर से जिला मुख्यालय पर पोषण रैली को कमर उल जमान चौधरी IAS जिला कलेक्टर भरतपुर ने दिनांक 17 सितंबर को सुबह 9:30 am बजे आयोजित पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह रैली जिला कलेक्ट्रेट से रवाना होकर बिजली घर चौराहा और मानसिंह सर्किल होते हुए कला मण्डल पहुंची पोषण माह गतिविधियां दिनांक 16 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जाएगी इस दौरान सिकरामा राम चोयल उपनिदेशक आई सीडीएस, हरिओम गुर्जर जोनल डायरेक्टर सूचना केन्द्र, राजेश चौधरी उपनिदेशक ,महिला अधिकारिता, कृष्ण शर्मा सीडीपीओ भरतपुर सिटी, हरिदेश ए एस ओ, जितेंद्र, संजीव ए ए ओ, मधुबन, अश्विनी, मनीष, सुल्तान, श्रीमती राजेश कुमारी, श्रीमती मधु सक्सेना एल एस और 125 आंगनबाडी शहरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही ।



# विकास दिवस पर मेरा युवा भारत दौसा ने आयोजित किए कार्यक्रम

द डेस्प्रिंग

**दौसा ।** मेरा युवा भारत दौसा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार ने विकास दिवस के अवसर पर जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र दौसा के समन्वय से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राजेश पायलट स्टेडियम और विक्रमादित्य महिला टीटी कॉलेज में आयोजित किए गए, जिसमें युवाओं और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### राजेश पायलट स्टेडियम में स्वच्छता और शपथ कार्यक्रम

राजेश पायलट स्टेडियम में एक स्वच्छता अभियान और शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित युवाओं ने मिलकर स्टेडियम परिसर की सफाई की और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की शपथ ली। इस कार्यक्रम में डी.एस.ओ. मनोज कुमार शर्मा, डी.वाई.ओ. मेरा युवा भारत दौसा पूनम चौधरी और ए.पी.ए. रामांशकर शर्मा, खेल विभाग से लालाराम मीना , काना रामा मीना , माय भारत सहायक विजय सिंह के साथ माय भारत स्वयंसेवक राकेश और युवा मौजूद रहे।

### विक्रमादित्य कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

इसी कड़ी में विक्रमादित्य महिला टीटी कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को माननीय प्रधानमंत्री महोदय के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेके राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रभु दयाल शर्मा ने छात्राओं के समक्ष माननीय प्रधानमंत्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखे और युवाओं को प्रेरित किया। कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थियों ने इस संगोष्ठी में सक्रिय रूप से भाग लिया एवं माय भारत क्विज में बढ़ चड़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में डी.एस.ओ. मनोज कुमार शर्मा, डी.वाई.ओ. मेरा युवा भारत दौसा पूनम चौधरी और ए.पी.ए. रामांशकर शर्मा, माय भारत स्वयंसेवक राकेश, महाविद्यालय प्राचार्य प्रभुदयाल शर्मा , स्टाफ एवं छात्रायें मौजूद रही । इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ना और उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास दिलाना था। इस पहल से दौसा के युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना को और बल मिलेगा।

# फोस्टर किड्स प्ले स्कूल पर हिंदी दिवस सप्ताह पखवाड़ा व पोषण माह का आयोजन किया

द डेस्प्रिंग




**भरतपुर ।** फोस्टर किड्स प्ले स्कूल पर 14 से 29 सितंबर तक मनाए जाने वाले हिंदी दिवस, सप्ताह, पखवाड़ा का आयोजन किया गया । स्कूल के निदेशक शुभम सक्सेना ने बच्चों को 14 सितंबर से आयोजित होने वाले हिंदी दिवस और 14-29 सितंबर तक मनाया जाने वाले पखवाड़ा की जानकारी दी । बच्चों को बतलाया कि हिंदी हमारी राज्य भाषा , राष्ट्र भाषा और मातृभाषा है इसका प्रचलन बोलचाल हमको करते रहना चाहिए और बच्चों को अ से क्ष,त्रव ज्ञ तक क से बाराखडी का बोध कराया। बच्चों ने इस हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत प्ले ग्रुप से यूकेजी तक के बच्चों ने अपनी दिनचर्या में आने वाले शब्दों को गुड मॉर्निंग को नमस्ते के लिए कहा, विद्यालय की अध्यापिकाएं ने बच्चों को अपनी बोलचाल में हिंदी का अधिक से अधिक बोलचाल और लिखने की प्रवृत्ति को अधिक प्रयोग करने के लिए कहा इस कार्यक्रम में अध्यापक राजकुमारी, उर्मिला, रितू फौजदार, तथा आरिफ ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में सहयोग किया इस कार्यक्रम का महत्व सभी बच्चों को बतलाया गया।और कहा की ये सितम्बर माह पोषाहार व पोषक तत्व ग्रहण करने वाला माह भी है इस माह को महिला व बाल विकास विभाग मंत्रालय के दिशा निर्देश में आंगनबाड़ी केंद्र पर पोष्टिक आहार बना कर व पोष्टिक आहार की जानकारी लाभार्थियों को भी प्रदान की जाती है । बच्चों के माता-पिता को भी पोषाहार माह की जानकारी से अवगत कराया और अपने अपने नन्हे नन्हे बच्चों को प्रतिदिन नये नये पोष्टिक आहार बना कर भिजवाये । ताकि बच्चे हर पोष्टिक भोजन को ग्रहण कर लाभ ले सकें।

# हिंदी दिवस के रूप में मनाया गया

द डेस्प्रिंग

**भरतपुर ।** नेहरू युवा मंडल संस्था ऊंचा नगला द्वारा मेरा युवा भारत भरतपुर के सहयोग से 14 सितंबर हिंदी दिवस का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुधा शर्मा श्री अग्रसेन शिक्षक प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय भरतपुर द्वारा छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस के बारे में बताया भारत में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है यह दिन हिंदी भाषा को समर्पित है जो भारत के अधिकारी के भाषण में से एक है हिंदी दिवस हमारी विविध संस्कृति विरासत और संस्कृति को बढ़ावा देते हैं महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है उपनिदेशक सुनील राणा मेरा युवा भारत भरतपुर ने भी अपने विचार रखें और का भारत में तमाम भाषाएं बोली जाती हैं और हर भाषा की अपनी एक खूबी है किसी भाषा का महत्व दूसरी भाषा से कम नहीं है लेकिन हिंदी भाषा शुरू से भारत की पहचान रही है और हमारी राष्ट्रभाषा भी है संस्था के अध्यक्ष अभिषेक ने हिंदी का महत्व के बारे में बताया कि हिंदी भाषा केवल एक माध्यम नहीं है बल्कि यह हमारी सोच हमारी आत्मविश्वास और हमारी संस्कृति विरासत है भारत के अधिकांश राज्यों में हिंदी बोली और समझी जाती है यह विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है श्रीमती विनीता कुमारी ने अपने विचार रखते हुए का हिंदी में शायद कविता उपन्यास नाटक और पत्रकारिता की एक समृद्ध परंपरा है प्रेमचंद ,कबीर तुलसीदास, महादेवी वर्मा जैसे लेखकों ने हिंदी में रचना लिखी । इस कार्यक्रम में डॉ. रेनू गुप्ता डॉ.दुर्गेश्वरी माथुर साधना तिवारी एवं प्रतिमा बंसल ने भी हिंदी दिवस पर अपने-अपने विचार रखें इस कार्यक्रम में निशा वैशाली शर्मा वंदना स्मिता लेखिका तृष्णा ने हिंदी भाषा के बारे में छात्राओं को अपने विचार रखें इस कार्यक्रम का संचालन छात्र तमन्ना ने किया

# मंडावर से खाटू धाम के लिए सीधी बस सेवा आज से शुरू, विधायक राजेंद्र मीना दिखाएंगे हरी झंडी

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल ।** मंडावर और आसपास के हजारों श्रद्धालुओं की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी होने जा रही है। भाजपा मंडल मंडावर और खाटू श्याम सेवा समिति के सामूहिक प्रयासों के तहत ही विधायक राजेंद्र मीना की अनुशंसा पर दौसा डिपो के मुख्य प्रबंधक विश्राम मीणा ने मंडावर से सीधे खाटू श्याम तक बस सेवा शुरू करने के आदेश जारी किए हैं। यह सेवा गुरुवार 18 सितंबर 2025 से औपचारिक रूप से प्रारंभ होगी। गुरुवार सुबह गांधी चौक मंडावर से बस का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के बाद होगा। मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र मीना और विशिष्ट अतिथि मुख्य प्रबंधक विश्राम मीणा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करेंगे। शुभारंभ समारोह सुबह 6 बजे से शुरू होगा। इस बस सेवा से क्षेत्र के श्रद्धालुओं को खाटू धाम की यात्रा में बड़ी राहत मिलेगी। अब तक खाटू श्याम धाम पहुंचने के लिए भक्तों को कई साधनों का सहारा लेकर लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, लेकिन अब मंडावर से सीधी बस सेवा के माध्यम से यात्रा सहज और सुविधाजनक हो जाएगी। विधायक राजेंद्र मीना ने कहा कि यह बस सेवा क्षेत्र की धार्मिक आस्था और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है। उन्होंने दौसा डिपो प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सेवा से न केवल भक्तों को सुविधा मिलेगी बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्य प्रबंधक विश्राम मीणा ने बताया कि यह बस सेवा नियमित रूप से चलेगी और श्रद्धालुओं को खाटू धाम तक किफायती किराए पर यात्रा की सुविधा मिलेगी। मंडावर से शुरू हो रही यह बस सेवा न केवल श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सौगात है बल्कि क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नया आयाम देने वाला कदम भी साबित होगी।

# रानी शहरी सेवा शिविर2025 नगरपालिका रानी खुर्द

द डेस्प्रिंग

**रानी / नगराज वैष्णव ।** मेन बाजार नगर पालिका परिसर मे दिनांक 17,9,2025, से 17,10,2025 तक आयोजित समय प्रातः 9 30 से शाम 6 बजे तक वार्ड 1 व 2 ताः 17,9,2025 व18,9,2025 को आयोजीत शहर के स्वच्छ, सी सी सडक , पेच वर्क दुरस्त करना, शहर के प्रमुख चौराहो , पार्क , डिवाईडर, सामुदायिक केन्द्र, रेन बसेरा का रख रखान व सोन्दर्यकरण करना , नालियो की मरमत , शहर की स्ट्रीट लाईटे दुरस्थ करना , जन सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा , अंधेरी व सुनसान सडको पर स्ट्रीट लाईट लगना , आवारा पशुओ की धरपकड , जन्म मुत्यु , विवाह पंजनीयन , यूडि टेक्स जमा करना , अटल पेंशन योजना, अनुमोदित योजनाओं के पट्टे /69-ए,54- ई,50 बी,60- सी के अन्तर्गत पट्टे/



उपविभाजन पुनर्गठन / भू - उपयोग परिर्वतन , / नामान्तरण / खाँचा भूमी , लीज मुक्ती प्रमाण पत्र , भवन निर्माण , लिज होल्ड फ्री पट्टे , ताः 19 व23 को वार्ड3,4,5, तथा ताः 24,25 को वार्ड6,7,8, तथा ताः26,29 को वार्ड 9,10 तथा ताः3,10,2025 से 6,10,25 को वार्ड 11,12, तथा ताः 7 , 8 को वार्ड 13,14 तथा ताः 9, 10 वार्ड15,16 तथा ताः 13,14 को वार्ड 17,18 तथा ताः 15,10,2025 व16,10,25 को वार्ड19,20 तः 17,10,2025 वार्ड 1,20 तक शिविर आयोजित रहेगा ! रानी चैयर मेन भरत राठौड , उपाध्यक्ष डालचंद चौहान , प्रतिपक्ष नेता ईलीयाश चढ़वा , पाली डि एस ओ तथा सभी विभाग के कर्मचारी रहे उपस्थित प्रधान मंत्री आवास योजना के लाभार्थी भी रहे उपस्थित जेई एन के एम शर्मा , जे ई एन निजामुदिन , धनाराम चौधरी , बाबूलाल कुमावत ,किशन भाट , जितेन्द्र धारू, प्रकाश भटनागर चिकित्सा, आंगड वाडि , पेशन, ई मित्र , बिजली विभाग , के कर्मचारी रहे उपस्थित , प्रधानमंत्री आवास योजना के 12 व्यक्ति रहे लाभार्थी को चेक दिया गया !

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सूलीडूंगर सनसेट प्वाइंट पर हुआ श्रमदान कार्यक्रम

द डेस्प्रिंग

**जैसलमेर-रमेश प्रजापत ।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बुधवार को जैसलमेर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सूलीडूंगर सनसेट प्वाइंट पर विशेष श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, जिला कलक्टर प्रताप सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी, उपखंड अधिकारी सक्षम गोयल, सहायक निदेशक लोक सेवाएं रोहित वर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र सिंह सांदू, नगर परिषद आयुक्त लजपाल सिंह सोढा, समाजसेवी दलपत हिंगड़ा, विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी, नगर परिषद के कार्मिक, स्वयंसेवी संस्थाएं सहित आम नागरिकों ने भाग लेकर श्रमदान किया।



कार्यक्रम के दौरान सभी ने क्षेत्र की साफ-सफाई की, प्लास्टिक एवं अन्य कचरे को एकत्र कर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया तथा आमजन से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित श्रमदान कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कार्मिकों एवं नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं सभी ने जैसलमेर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक जिले में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।

# 1 अप्रैल से 31 अगस्त तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आधार ऑपरेटर्स को डाक अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया

द डेस्प्रिंग

**धौलपुर (दीपू वर्मा) ।** मंडल डाक विभाग ने आधार सेवा क्षेत्र में शानदार उपलब्धि दर्ज की है। धौलपुर मंडल में कुल 13 आधार सेवा केंद्र संचालित हैं, जिनमें प्रधान डाकघर धौलपुर (2 केंद्र), मनियां, राजाखेड़ा, सैंपऊ, बसई नवाब, कंचनपुर, बाड़ी, बसेड़ी, सरमथुरा, बयाना, वैर और रूपवास उपडाकघर शामिल हैं। 1 अप्रैल से 31 अगस्त तक बेहतर कार्य करने वाले आधार ऑपरेटर्स को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डाक अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर बसई नवाब उपडाकघर के आधार ऑपरेटर महेश गुर्जर ने सभी का ध्यान अपनी अनोखी उपलब्धि से खींचा। उन्होंने लगातार चार दिन तक प्रतिदिन 150 आधार बनाकर अधिकतम सीमा हासिल की। गौरतलब है कि एक केंद्र पर एक दिन में अधिकतम 150 आधार बनाए जा सकते हैं। उनके इस अद्वितीय प्रदर्शन ने न केवल मंडल स्तर पर बल्कि पूरे विभाग में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। डाक अधीक्षक राम करण मीणा ने कहा कि मंडल के ये ऑपरेटर्स विभाग की असली ताकत हैं। उनकी मेहनत और समर्पण से ही आमजन को समय पर और सुगम आधार सेवाएं उपलब्ध हो पा रही हैं। इस प्रकार के सम्मान भविष्य में और भी कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देंगे।आधार सेवा में धौलपुर मंडल की यह उपलब्धि पूरे परिमंडल के लिए गौरव की बात है। यह साबित करता है कि लगन और निरंतर मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर बाड़ी उपमंडल में महेश गुर्जर ने प्रथम स्थान,भूरेंद्र करहरिया ने द्वितीय स्थान तथा टीकम सिंह मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। साथ ही विजय कुमार विवेक कुमार द्वारा भी आधार में अच्छा प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बाड़ी डाक निरीक्षक राजपाल मीणा, बाड़ी पोस्ट मास्टर गुलाब सिंह मीणा,रोहित गुर्जर मानपुर, राजकुमार, बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।



# नगरपालिका द्वारा आयोजित शिविर से निराश लौटे लोग, जनप्रतिनिधियों ने लगाया खानापूर्ति का आरोप

द डेस्प्रिंग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन सेवा पखवाड़े के तहत नगरपालिका द्वारा लगाए शिविर में वार्डवासियों के काम नहीं होने से भाजपा के वरिष्ठ नेता नंदप्रकाश खारवाल एवं अधिकारियों में जमकर बहसबाजी हुई, लोगों के आवश्यक काम में टाल-मटोल करने पर खारवाल ने अधिकारियों को खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि जब आप यंहा आने वाले लोगों कों ओनलाइन आवेदन के लिए बोल रहे हैं, तो शिविर का क्या मतलब है,खारवाल ने उपखण्ड अधिकारी ऋतुराज शर्मा को शिविर की अव्यस्थाओं से अवगत कराया,जिस पर शर्मा ने नगरपालिका अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए,इस बीच वंहा पहुंची पार्षद अशोक बाई मेघवाल और पूर्व पार्षद दुर्गा लाल मेघवाल भी अधिकारियों से उलझ गए, पार्षद मेघवाल ने कहा शिविर खाना पूर्ति है, और शिविर के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा, है शिविर में लापरवाही बरतने के मामले को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कैंप कार्यालय में शिकायत दी गई शिविर में स्ट्रीट वेंडरों के लाइसेंस भी नहीं बने जबकि शिविर में बनाकर देने का प्रचार प्रसार किया गया, इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा योजना व बाढ़ प्रभावित परिवार मदद की आशा लेकर शिविर में पहुंचे थे इन लोगों को निराश लौटना पड़ा, शिविर में कनिष्ठ अभियंता गजेन्द्र कुमार नागर एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के सीएलटीपी लोकेश कुमार ने भाजपा नेता नंदप्रकाश खारवाल नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गणेश गुजर, स्थानीय पार्षद अशोक बाई मेघवाल, पार्षद हरजीत केवट, भोजराज गुजर, रमेश सिंह हंसू, की उपस्थिति में 29 पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त के रूप में पचास हजार रुपए के चेक वितरित किए, शिविर में स्ट्रीट लाइट खराब होने, सफाई व्यवस्था बिगड़ने, नाली निर्माण संबंधित कई शिकायते आई , प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त मिलने पर पात्र परिवारों ने प्रसन्नता व्यक्त की।



# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में युवाओं ने किया रक्तदान




द डेस्प्रिंग

**रुदावल/ रामकुमार उपाध्याय।** 17 सितंबर। नेहरू युवा मंडल संस्था ऊंचा नगला एवं मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा के तहत बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा रहीं। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता मोहन रारह रहे। शिविर में संस्था सदस्य योगेंद्र कुमार ऊंचा नगला सहित अन्य युवाओं ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष शिवानी दायमा, भाजपा नेता मोहन सिंह रारह ने रक्तदान करने वाले युवाओं का माला पहनकर स्वागत किया एवं रक्तदान का प्रमाण पत्र दिया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत भरतपुर के सत्यभान सिंह, गजेंद्र सिंह डागुर, कृष्ण कुमार का सराहनीय सहयोग रहा। मंडल अध्यक्ष अभिषेक ने सभी रक्तदान करने वालों का आभार व्यक्त किया।

## माधव विशेष विद्यालय में विशेष सक्षम बच्चों हेतु विधिक जागृति के लिए खेलकूद प्रतियोगिता



द डेस्प्रिंग

**आबूरोड** । विधिक सेवा प्राधिकरण सिरोही के तत्वावधान में माधव विश्वविद्यालय के माधव विशेष विद्यालय में "विधिक जागृति हेतु खेलकूद प्रतियोगिता" का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए रखी गई है, जिसका उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा की भावना और विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस प्रतियोगिता का आयोजन चेतना अभियान 2025 के तहत किया जाएगा, जो 18 से 20 सितम्बर 2025 तक चलेगा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए विविध खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित होंगी। प्रतियोगिताओं में कबड्डी, बेसबॉल शतरंज , रूड़ो , केरम , बैडमिंटन, टेबल टेनिस, पेंटिंग और गायन शामिल हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी क्षमताओं और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। आयोजकों का कहना है कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विधिक जागरूकता को बढ़ावा देना है ताकि वे अपने अधिकारों को जान सकें और समाज में समान अवसर प्राप्त कर सकें। विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए यह आयोजन न केवल मनोरंजन और खेल का माध्यम बनेगा, बल्कि उनके जीवन कौशल, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समावेश को भी मजबूत करेगा।

**माधव विशेष विद्यालय के प्रिंसिपल पवन फौजदार ने बताया की** माधव विश्वविद्यालय प्रबंधन और विशेष विद्यालय के शिक्षकों ने तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है। तैयारियो को लेकर अधिष्ठाता डॉ. जितेंद्र तिवारी , घनश्याम कुशवाहा, मनोज कुमार नागर, तौफीक पठान खान, कृष्णवीर व रविकांत शर्मा सहित सहित सभी संकाय सदस्य उत्साह के साथ जुटे हुए हैं। तीन दिवसीय इस आयोजन में बड़ी संख्या में विशेष सक्षम बच्चे भाग लेंगे । विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ-साथ विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कीया रक्तदान

द डेस्प्रिंग



**जयपुर** के सीकर रोड नंबर 12 रामेश्वर मैरिज गार्डन मे सेवा पखवाड़ा के तहत विशाल रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया वहीं हजारों की संख्या मे भाजपा पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे जहाँ राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं पार्टी के पदाधिकारी नागल मंडल अध्यक्ष विनोद सैनी,भाजपा पार्षद प्रत्याशी व नागल मंडल उपाध्यक्ष शाह नवाज़ अन्सारी,विद्याधर नगर विधानसभा संयोजक शैलेन्द्र शर्मा, पूर्व पार्षद कौशल शर्मा भाजपा किसान मोर्चा जयपुर महामंत्री अशोक सैनी, राजेंद्र करोड़िया व नारी शक्ति ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया वहीं काफ़ी बड़ी संख्या मे लोगों ने रक्तदान किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे स्वास्थ की कामना की

## मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिवस पर गौरव अग्रवाल ने बढ़ाया सेवा का हाथ,

अस्पताल में मरीजों को बांटे फल, जरूरतमंदों को दी राशन किटें।

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज(दीपक भारद्वाज)** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस को सामाजिक सरोकार और सेवा के रूप में मनाते हुए गौरव अग्रवाल ने जनहितकारी पहल की। उन्होंने सरकारी अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। साथ ही जरूरतमंद परिवारों को राशन किट प्रदान कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। जन्मदिवस के इस मौके को सेवा उत्सव के रूप में मनाते हुए कार्यक्रम स्थल पर उत्साह और हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर कम्पनी के कर्मचारी मूलचन्द राणा, सूरज, गोपाल और चन्द्रपाल आदि भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और सहयोग किया। गौरव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और उनके जन्मदिवस पर सेवा कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची सेवा है।

# सांसद सी.पी. जोशी, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या एवं जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शहरी सेवा शिविर का किया अवलोकन

द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़,/गौरव कुमार मेडतवाल ।** शहर चलो अभियान-2025 सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को चंदेरिया स्थित सर्वोदय संस्थान में आयोजित शहरी सेवा शिविर का अवलोकन सांसद सी.पी. जोशी, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या एवं जिला कलक्टर आलोक रंजन ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में नगर परिषद प्रशासन एवं विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को अनेक सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई गई।

**शिविर को संबोधित करते हुए सांसद सी.पी. जोशी ने कहा कि** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर राजस्थान सरकार एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा पूरे प्रदेश में ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर गांधी जयंती तक संचालित रहेंगे। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से आमजन की







छोटी-बड़ी सभी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सड़कों की मरम्मत, खराब स्ट्रीट लाइटों की दुरुस्ती सहित आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। श्री जोशी ने आमजन से अपील की कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भागीदारी निभाएँ।

**चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने अपने संबोधन में कहा कि** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शुरू हुए ये शिविर लंबे समय तक चलेंगे और इनमें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की मंशा है कि प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और कोई भी वंचित न रहे। शिविरों के माध्यम से शासन-प्रशासन जनता के बीच पहुँचकर उनके जीवन को सरल और सुगम बनाने का प्रयास कर रहा है।

**अवलोकन के दौरान जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शिविर में की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया** और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवा शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।


### इस अवसर पर नगरपरिषद के पूर्व सभापति सुशील शर्मा, रतन लाल गाडरी,

जनप्रतिनिधि, नगर परिषद प्रशासक विनोद मल्होत्रा, आयुक्त जितेंद्र मीणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में आमजन ने अपनी समस्याएँ प्रस्तुत कीं और विभागीय अधिकारियों द्वारा उनका मौके पर ही निस्तारण किया गया।

## क्या गलत और क्या सही विद्यार्थियों को दी गुड टच और बेड टच की जानकारी

द डेस्प्रिंग

**आगरा रोड /सुभाष राजवंशी।।** राजस्थान पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए गए ऑपरेशन गरिमा अभियान के द्वारा पुलिस टीम मास्टर ट्रेनर श्रीमती मनीषा कुमारी (10474) एवं श्रीमती मुनेश (2576) के द्वारा आज दिनांक 17.9.2025 बुधवार को जामडोली स्थित विद्यालय हरिओम त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर साइबर क्राइम और गुड टच - बैड टच एवं राजकॉप सिटीजन एप के बारे में गहन जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को जानकारी दी गई कि दोस्त का हाथ मिलाने, मां-पापा के गले लगाने, दादी-नानी के माथा चूमने से आपको अच्छा महसूस होता है। ये सभी गुड टच हैं। इसके विपरीत जिस छुअन से आपको घुटन महसूस हो, वह बैड टच है। कोई जबरदस्ती आपको गोद में बिठाए, गाल या सीने को छुए, पीछे हाथ लगाए तो यह बैड टच की श्रेणी में आता है। ऐसी दशा में तुरंत प्रतिक्रिया दें। विरोध करें और परिजनों को इसकी जानकारी दें।मास्टर ट्रेनर ने बताया कि कुछ दिनों में बच्चों के साथ होने वाले अपराध में इजाफा हुआ है। इससे बचने के लिए बच्चों को खुद भी जागरूक रहना चाहिए। अभिभावकों को भी बाल



मन को समझना चाहिए। बच्चों से नियमित संवाद करना चाहिए। उनकी दिनचर्या पर बात करनी चाहिए। उन्हें सही व गलत की जानकारी दें। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक सतवीर सिंग गुर्जर, प्रधानाचार्य, शिक्षिकगण एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक बिहारी लाल विशनोई ने मूकाम आसौज मेला व्यवस्था का लिया जायजा

### प्तमेला व्यवस्था माकूल हो पूर्व विधायक बिहारी

द डेस्प्रिंग

**बीकानेर /श्रीराम भादू ।** मुक्तिधाम मुकाम श्री गुरू जम्भेश्वर भगवान की समाधि स्थल पर भरने वाले मेला आसौज की व्यवस्था का जायजा आज अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा मुख्यालय पर श्री रूपाराम कालीराणा महासचिव ने श्री बिहारीलाल बिश्नोई पूर्व विधायक नोखा को मेला व्यवस्था कानून सुरक्षा पर्यापत फोर्स, बिजली, सड़क रिपेयरिंग जल व्यवस्था की वर्तमान समस्या से अवगत करवाया। श्री बिहारीलल बिश्नोई पूर्व विधायक नोखा ने भी अ.भा.बि.महासभा द्वारा मेला व्यवस्था सम्बन्धित की गई मांग पर पुलिस प्रशासन, बिजली विभाग, जन.स्वा.अभि.विभाग, सा.नि.वि. ग्रीफ विभाग के उच्च अधिकारियों से बात की, दो दिनों में मुकाम मेला की माकूल व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया।



समराथल धोरा मुकाम रेस्क्यू सेंटर गौशाला भोजनशाला परिसर का निरीक्षण जायजा मेला व्यवस्था का लिया। साथ में श्री ललित के पंवार वरिष्ठ आईएस अधिकारी का मुकाम आने पर श्री बिहारीलाल बिश्नोई पूर्व विधायक द्वारा साफा पहनाकर श्री रूपाराम कालीराणा द्वारा शॉल ओढाकर स्वागत किया। शंकरलाल पूर्व सरपंच, जुगल किशोर बिश्नोई, मांगीलाल



सारण, रामलाल बिश्नोई, हनुमान मुकाम, राजाराम गौदारा हनुमानगढ़, पुनमंचद लोहमरोड़, कैलाश मुकाम, धीमाराम गौशाला मुकाम सभी ने मेला व्यवस्था के हर बिंदु पर विचार करके माकूल मेला आसौज व्यवस्था 5-6 लाख श्रद्धालुओं के लिए बनाये रखने की प्रशासन से मांग की। मेला क्षेत्र का माननीय बिहारीलाल बिश्नोई पूर्व विधायक,।ने मौका का जायजा लिया।

# स्वच्छ भारत अभियान पर माधव विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विधि संकाय की ओर से भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर विशेष रूप से मनाया गया। इस मौके पर जागरूकता रैली निकाली गई । इस रैली को विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र सिंह परमार, एनआईआरएफ के वरिष्ठ निदेशक डॉ. संजीव सेठ तथा ग्रंथालय विभागाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने ग्राम भारजा में पहुंचकर रैली के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर "स्वच्छ गाँव - स्वस्थ जीवन" के नारे लगाए गए। विद्यार्थियों ने गाँववासियों को बताया




कि स्वच्छ वातावरण ही समाज के विकास की असली पहचान है। एनएसएस निदेशक डॉ. देवेंद्र मुझाल्दा, इकाई प्रथम प्रभारी संगीता सिंह, इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. रेणुका, सह प्रभारी डॉ. दुष्यंत कुमार, डॉ. संदीप गहलोत एवं डॉ. सुरेश त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि जीवन जीने की आदत बननी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने घर, मोहल्ले और विद्यालय को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी निभाएँ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत एवं विधि संकाय अधिष्ठाता डॉ. डी.के. उपाध्याय ने भी छात्रों को भविष्य में नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज में यह संदेश फैलाया कि यदि हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाएं तो भारत स्वच्छता के क्षेत्र में आदर्श बन सकता है। इस जागरूकता रैली में दक्ष सैनी, प्रद्युमन, जितेन्द्र देवासी, मुकेश, ऋद्धि ओझा, जिया, नरेश, महेन्द्र, देवराम सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। ग्रामीणों ने भी विद्यार्थियों की इस पहल की सराहना की और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज अध्यक्ष बने जगदीश कुकरा

द डेस्प्रिंग

**लोहावट /नेमीचंद सोनी डांवर लुणा ।** तहसील के चुनाव बुधवार को समाज के सच्चियाय माता के मंदिर में सम्पन्न हुए। चुनाव में अध्यक्ष तथा कोषाध्यक्ष के पद के लिए हुए मतदान में समाज के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। चुनाव अधिकारी लिखमाराम मौसूण, आसकरण मौसूण, सुरेश कुमार कडेल, ओमप्रकाश कडेल फलौदी,तनसुख कडेल जाखण गोमन्द कडेल जाखण बाबूलाल मौसुण स्स नगर मयूर नेमीचन्द लूणा की मौजूदगी में चुनाव में मतदान की प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारम्भहुई. जो कि दोपहर में 3 बजे तक चली। मतदान में कुल 258 मतदाताओं में से 220 मतदाताओं ने मतदान किया। इसके बाद मतदान का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए जगदीश सोनी 62 मतों से तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए सुनील सोनी 33 मतों से विजयी रहें। पूर्व में सचिव पद के लिए अमित सोनी निर्विरोध निर्वाचित हुए है ।



## पुलिस की सखूत कार्रवाई

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार

, देर रात सिरसा रोड पर गश्त के दौरान हुई कार्रवाई।

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज/दीपक भारद्वाज ।** अवैध शराब कारोबार पर नकेल कसने के लिए लगातार सक्रिय पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीती रात शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान सिरसा रोड पर वनशक्ति मंदिर जाने वाले रास्ते से एक युवक को सफेद प्लास्टिक के जरीकेन में कच्ची शराब ले जाते हुए दबोच लिया। पुलिसकर्मियों को देखकर आरोपी भागने का प्रयास कर रहा था लेकिन सतर्क जवानों ने उसे करीब 50-60 कदमों की दूरी पर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए युवक की पहचान विश्वजीत राय पुत्र सुबल राय निवासी वार्ड नं. 03 शक्तिगढ़ थाना सितारगंज के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने शराब ले जाने की बात कबूल की। पुलिस ने मौके पर ही जरीकेन से एक लीटर शराब को नमूना बनाकर सुरक्षित किया तथा शेष 9 लीटर शराब को सील कर कब्जे में लिया। ओर पुलिस ने आरोपी को धारा 60(1) एक्साइज एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि शराब तस्करों व अपराधियों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## दिनदहाड़े बाइक चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज दीपक भारद्वाज ।** नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला 6 सितंबर 2025 का है, जब सरकड़ा नकटपुरा निवासी मोहम्मद आज़म खान सक्सेना नर्सिंग होम अपने काम पर गए और अपनी मोटरसाइकिल नंबर यू.के.06 एवी 9131) गेट के बाहर लॉक लगाकर खड़ी कर दी। शाम करीब साढ़े चार बजे लौटने पर उन्होंने देखा कि बाइक गायब है। काफी तलाश और पूछताछ के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो आज़म ने नर्सिंग होम पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी, जिसमें अज्ञात चोर उनकी बाइक चोरी करते हुए स्पष्ट दिखाई दिया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाना सितारगंज में दर्ज कराई है। इस दिनदहाड़े हुई चोरी से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है ।

# पवन ढाका ने लद्दाख में रचा इतिहास,प्रदेश व जिले का मान बढ़ाने पर जाट समाज ने किया

द डेस्प्रिंग

**सीकर।** जिले के मैराथन धावक पवन ढाका ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति और अथक परिश्रम से एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर जिले व प्रदेश का मान बढ़ाया है। बतां दे कि ढाका ने हाल ही में आयोजित लद्दाख सिल्क रूट अल्ट्रा मैराथन 122 किलोमीटर को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए न केवल भागीदारी दर्ज कराई बल्कि 50 आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर सीकर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

**यह मैराथन विश्व की सबसे कठिन और सबसे ऊँची मैराथन मानी जाती है।** जो समुद्र तल से 17618 फीट की ऊँचाई पर आयोजित होती है। 122 किलोमीटर लंबी इस प्रतियोगिता में धावकों को कभी बर्फबारी, कभी तेज बरसात तो कभी तपती धूप जैसी अत्यंत विषम परिस्थितियों से गुजरना पड़ा। इस दौरान ऑक्सीजन की




कमी और ऊँचाई का दबाव इसे और भी चुनौतीपूर्ण बना देता है। ऐसे वातावरण में ढाका ने अपनी फिटनेस, साहस और हौसले के बल पर इस कठिन चुनौती को जीतकर नया इतिहास रचा है।

अपनी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पवन ढाका ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल व्यक्तिगत कीर्तिमान स्थापित करना नहीं है, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रहने, फिटनेस अपनाने और खेलों के प्रति गंभीरता बढ़ाने की प्रेरणा देना है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को यदि खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए तो समाज और देश दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा।

ढाका की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जाट समाज की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। जाट समाज के लोगों ने कहा कि पवन ढाका जैसे खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ न केवल सीकर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके इस साहस और समर्पण ने साबित किया है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी यदि लगन और परिश्रम हो तो सफलता निश्चित है।

**इस अवसर पर समाज संरक्षक नरेन्द्र धायल, वीर तेजा सेवा संस्थान के अध्यक्ष सांवरमल मुवाल,** युवा समाजसेवी अभिनव जाखड़, मोनू गोकुलपुरा, रामनिवास ढाका, सीकर मंडी उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद बाजियां, अजीत जाखड़, अमित जाखड़, संदीप खीचड़, महेंद्र नेहरा, राजेश महला, मोहित बगड़िया, प्रदीप नेहरा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# क्या इथेनॉल मिले पेट्रोल से गाड़ी खराब होती है? या पेट्रोल लॉबी वाहन मालिकों को डरा रही है?



नीरज कुमार दुबे

इथेनॉल क्यों जरूरी है। यदि इस पर चर्चा करें तो आपको बता दें कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 88% कच्चा तेल आयात करता है। इससे न सिर्फ खजाने पर भारी बोझ पड़ता है बल्कि वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव का भी सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

भारत की ऊर्जा नीति आज एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी है जहाँ जैव-ईंधन (बायो यूल) न सिर्फ प्रदूषण कम करने का विकल्प है, बल्कि यह आयात पर निर्भरता घटाकर देश की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत कर सकता है। सरकार द्वारा पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिश्रण (ए-20) लागू किए जाने के बाद यह बहस और तेज हो गई है कि क्या यह कदम व्यावहारिक और सुरक्षित है। इसी संदर्भ में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उन दावों को 'बकवास' करार दिया है जिनमें कहा गया था कि इथेनॉल मिश्रण से वाहनों के इंजन को नुकसान होता है।

इथेनॉल क्यों जरूरी है। यदि इस पर चर्चा करें तो आपको बता दें कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 88% कच्चा तेल आयात करता है। इससे न सिर्फ खजाने पर भारी बोझ पड़ता है बल्कि वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव का भी सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में गन्ना, मक्का और अन्य अनाज से बनने वाला इथेनॉल एक सस्ता, घरेलू और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प है। हम आपको बता दें कि 2014 में जहाँ पेट्रोल में इथेनॉल की हिस्सेदारी मात्र 1.4% थी, वहीं आज यह बढ़कर 20% तक पहुँच गई है। यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत और हरित ऊर्जा संक्रमण (Green Transition) की दिशा में एक बड़ा कदम है।

हम आपको बता दें कि केपीएमजी के वार्षिक सम्मेलन एनरिच 2025 में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि इथेनॉल से इंजन खराब होने की सारी बातें 'बीएस' हैं– यानी बकवास हैं। उन्होंने साफ किया कि केवल पुराने वाहनों में कुछ रबर के पुर्जे. और गैस्केट बदलने की आवश्यकता हो सकती है, पर तकनीकी रूप से यह कोई बड़ी चुनौती नहीं है। ब्राजील जैसे देशों के अनुभव भी यही साबित करते हैं कि इथेनॉल मिश्रण न केवल सुरक्षित है बल्कि टिकाऊ विकल्प है।

हम आपको यह भी बता दें कि इस बहस का दूसरा पहलू है राजनीति। पिछले दिनों में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी पर आरोप लगाए गए कि उनकी परिवार-नियंत्रित कंपनी Cian Agro को इथेनॉल नीति से भारी लाभ हुआ है। कांग्रेस और कुछ सोशल मीडिया इन्‍ लुएंसरों ने दावा किया कि कंपनी का टर्नओवर एक साल में रू. 18 करोड़ से रू.723 करोड़ तक पहुँच गया। गडकरी ने इसे 'राजनीतिक रूप से प्रेरित पेड कैंपेन' बताया। उनका कहना है कि इथेनॉल से जुड़े टेंडर और मूल्य निर्धारण का फैसला कैबिनेट स्तर पर होता है, न कि व्यक्तिगत मंत्रियों द्वारा। उन्होंने कहा कि देश में 450-500 इथेनॉल उत्पादक कंपनियाँ हैं, जिनमें उनकी कंपनी की हिस्सेदारी 0.5% से भी कम है। उन्होंने कहा कि इथेनॉल उत्पादन नीति उनकी कंपनी के सक्रिय होने से पहले ही लागू हो चुकी थी।




हम आपको बता दें कि गडकरी लंबे समय से वैकल्पिक ईंधन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और हरित परिवहन व्यवस्था के समर्थक रहे हैं। इसलिए उनका इथेनॉल के पक्ष में बोलना उनके पुराने दृष्टिकोण के अनुरूप है। लेकिन उनकी स्वतंत्र छवि और लोकप्रियता के कारण वे विरोधियों के निशाने पर भी रहते हैं।

देखा जाये तो असल टकराव की जड़ है पेट्रोल लॉबी, जिसमें आयातक, रिफाइनर और बहुराष्ट्रीय तेल कंपनियाँ शामिल हैं, यह इथेनॉल को अपने लिए सीधा खतरा मान रही हैं। इथेनॉल के बढ़ते उपयोग का मतलब है कि पेट्रोल की खपत में कमी और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटेगी। यह उन समूहों के हितों पर सीधा आघात है, जिन्होंने दशकों तक तेल आयात से मुनाफा कमाया है। इसी कारण से यह लॉबी सोशल मीडिया पर यह नैरेटिव गढ़ रही है कि इथेनॉल मिश्रण से वाहनों का माइलेज घटेगा और इंजन खराब होगा। हालाँकि मंत्रालय ने पहले ही साफ किया है कि ई-20 पेट्रोल से माइलेज में केवल 1-2% (चारपहिया वाहनों) और 3-6% (दोपहिया/अन्य वाहनों) की कमी आती है, जो नगण्य है।

हम आपको यह भी बता दें कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी इथेनॉल मिश्रण पर दायर याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इस नीति में कोई गंभीर तकनीकी या कानूनी बाधा नहीं है। इससे सरकार को एक बड़ी राहत मिली और यह स्पष्ट हो गया कि नीति सही दिशा में है। दरअसल यह विवाद तकनीकी से अधिक राजनीतिक है। विपक्षी दलों के लिए गडकरी को निशाना बनाना सरकार की ऊर्जा नीति पर प्रश्नचिन्ह लगाने का आसान तरीका है। सोशल मीडिया पर चलाए गए पेड कैंपेन का मकसद था जनता के बीच भ्रम फैलाना और यह आभास देना कि इथेनॉल मिश्रण नीति कुछ व्यक्तियों के निजी लाभ के लिए लाई गई है। जबकि वास्तविकता यह है कि इथेनॉल मिश्रण नीति का लाभ किसानों, उपभोक्ताओं और देश की ऊर्जा सुरक्षा– सभी को होगा।

बहरहाल, भारत की ऊर्जा मांग अगले दो दशकों में दुनिया की औसत दर से तीन गुना बढ़ने वाली है और वैश्विक मांग में 25% बढ़ोतरी अकेले भारत से होगी। ऐसे में महंगे आयात पर निर्भर रहना आत्मघाती है। इथेनॉल भले ही संपूर्ण समाधान न हो, लेकिन यह भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम ईंट है। इसके अलावा, हरदीप पुरी और नितिन गडकरी के स्पष्ट रुख यह संदेश देते हैं कि सरकार पीछे हटने वाली नहीं है। असली चुनौती यह है कि क्या भारत राजनीतिक हमलों और पेट्रोल लॉबी के दबाव से अपने ऊर्जा परिवर्तन कार्यक्रम को बचा पाएगा। यदि हाँ, तो इथेनॉल केवल एक ईंधन नहीं बल्कि भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता का प्रतीक बन सकता है।

## संपादकीय

### सुप्रीम कोर्ट का इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने आखिर, अपने अंतरिम आदेश में पूरे वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। परंतु अदालत के समक्ष प्रस्तुत याचिकाओं में जिन प्रावधानों को लेकर आपत्तियां थीं, उन पर रोक जरूर लगा दी। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत द्वारा मई के अंत में यह फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। सरकार का मत है कि नया कानून वक्फ बोडरे में सुधार और पारदर्शिता नि त करने वाला है। परंतु इस संशोधन को असंवैधानिक बताने और मुसलमानों की संपत्ति हड़पने की मंशा रखने वाला बताने वालों ने सौ से ज्यादा लोगों ने याचिकाएं लगाई थीं। अदालत के अनुसार केंद्रीय वक्फ काउंसिल में चार से अधिक सदस्यों की संख्या नहीं हो सकती जबकि राज्य के बोर्ड में तीन सदस्य होंगे। जिलाधिकारी को घोषित वक्फ संपत्ति के सरकारी होने न होने के विषय में तय करने का अधिकार भी नहीं होगा। इस कानून का विरोध करने वालों को सबसे ज्यादा आपत्ति जिलाधिकारियों को दिए गए इसी अधिकार को लेकर थी जिसके अनुसार डीएम वक्फ के दावे वाली सरकारी जमीन के बारे में मसौदा सरकार को भेज सकता है, जिसे सरकार द्वारा स्वीकार करने के उपरांत राजस्व रिकॉर्ड में वह भूमि या संपत्ति सरकारी के तौर पर दर्ज की जा सकेगी। काउंसिल के दो गैर-मुसलमानों और महिला सदस्यों को लेने पर भी मुसलमानों को आपत्ति रही है। जैसा कि माना जाता है यह संपत्ति अल्लाह के नाम पर या धार्मिक/परोपकार के मकसद से दान की जाती है। धर्मस्थलों की आड़ में सरकारी या लंबे अरसे से खाली पड़ी जमीनों पर अतिक्रमण की घटनाएं देश में न अनूठी हैं, न ही नई। इस सरकार का वक्फ या मस्जिदों को निशाने पर रखने का मकसद किसी से छिपा नहीं है। वक्फ की संपत्ति की खरीद-फरोख्त नहीं होती, न ही इसका हस्तांतरण होता है। देश भर में वक्फ बोर्ड के पास तकरीबन पौने नौ लाख संपत्तियां बताई जाती हैं जिनकी कीमत एक लाख करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। यह सरकारी लापरवाही और वोटों के लोभ में समुदाय विशेष को दिए गए संरक्षण का ही नतीजा है जो सरकारी संपत्तियों या भूमि पर अवैध कब्जा होता रहता है। सरकार को भी इसकी कीमत चुकानी होगी। विशेष धर्म के आधार पर कोई कानून बनाने की बजाय निष्पक्ष कानून बनाए जिसकी जद में हर धर्म आता हो। कहना होगा कि अतिक्रमणों को मुक्त कराने के प्रति राज्य सरकारों को मुस्तैद होना ही चाहिए।




## चिंतन-मनन

### आत्मा का दिव्य भाव

जो व्यक्ति दिव्य पद पर स्थित है, वह न किसी से ईर्ष्या करता है और न किसी वस्तु के लिए लालायित रहता है। जब कोई जीव इस संसार में भौतिक शरीर से युक्त होकर रहता है, तो समझना चाहिए कि वह प्रकृति के तीन गुणों में से छूट जाता है। लेकिन जब तक वह शरीर से बाहर नहीं आ जाता, तब तक उसे उदासीन रहना चाहिए। उसे भगवान की भक्ति में लग जाना चाहिए जिससे भौतिक देह से उसका ममत्व स्वतः विस्मृत हो जाए। जब मनुष्य भौतिक शरीर के प्रति सचेत रहता है तो वह केवल इन्द्रियतृप्ति के लिए कर्म करता है, लेकिन जब चेतना कृष्ण में स्थानान्तरित कर देता है, तो इन्द्रियतृप्ति स्वतः रुक जाती है। मनुष्य को इस भौतिक शरीर की आवश्यकता नहीं रह जाती है और न उसे भौतिक शरीर के आदेशों के पालन की आवश्यकता रह जाती है। शरीर के भौतिक गुण कार्य करेंगे, लेकिन आत्मा ऐसे कार्य से पृथक रहेगी। वह न तो शरीर का भोग करना चाहती है, न उससे बाहर जाना चाहती है। इस प्रकार दिव्य पद पर स्थित भक्त स्वयमेव मुक्त हो जाता है। उसे प्रकृति के गुणों के प्रभाव से मुक्त होने के लिए किसी प्रयास की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती। भौतिक पद पर स्थित व्यक्ति शरीर को मिलने वाले तथाकथित मान-अपमान से प्रभावित होता है, लेकिन दिव्य पद पर आसीन व्यक्ति ऐसे मिथ्या मान-अपमान से प्रभावित नहीं होता। वह इसकी चिन्ता नहीं करता कि कोई व्यक्ति उसका सम्मान करता है या अपमान। वह उन बातों को स्वीकार कर लेता है, जो कृष्णभावनामृत में उसके कर्त्तव्य के अनुकूल हैं, अन्यथा उसे किसी भौतिक वस्तु की आवश्यकता नहीं रहती। वह प्रत्येक व्यक्ति को जो कृष्णभावनामृत के सम्पादन में उसकी सहायता करता है, मित्र मानता है और तथाकथित शत्रु से भी घृणा नहीं करता। वह समभाव वाला होता है और सारी वस्तुओं को समान धरातल पर देखता है, क्योंकि वह इसे भलीभांति जानता है कि उसे इस संसार से कुछ लेना-देना नहीं है।

# सत्ता की चाभी रखनेवाले सीमांचल में मोदी का मिशन बिहार



कुमार कृष्णन

बिहार में चुनाव तारीखों की घोषणा से पहले राज्य में सियासी सरगर्मियां पूरे परवान पर है ।सियासी दलों में मंथन का दौर जारी है ।दूसरी ओर सत्तासीन एनडीए गठबंधन एक-एक कर आपने वादों को पूरा करने में जुटी है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में चौथे एयरपोर्ट का उद्घाटन किया ।इसके साथ ही उन्होंने कई अन्य विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे से सीमांचल के विकास को नई र तार तो मिलेगी ही साथ ही राज्य के सत्ता की चाभी रखने वाले सीमांचल में एनडीए भी मजबूत होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा उनके लिए चुनावी ही सही पर सीमांचल के विकास को गति भी दे गए। विपक्ष की असफलता पर भी साधा निशाना तो डबल इंजन की सरकार की ओर से बहाई गई विकास की गंगा को भी बताने से नहीं चुके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्णिया की यात्रा के साथ सीमांचल के विकास में गति लाने का जो वादा किया उसके कई आयाम का आज शिलान्यास हुआ तो कही लोकार्पण भी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्णिया की धरती से घुसपैठिए को ललकारते कहा कि बिहार में एक भी घुसपैठिया नहीं रहेगा। ये कांग्रेस और राजद वाले लोग घुसपैठिए को बचाने में लगे हैं। ये लोग बेशर्मी की हद भी पार कर चुके हैं। ये राजद और कांग्रेस वाले लोग देश की सुरक्षा और सम्मान को भी दाव पर लगा दे रहे हैं। ये राजद और कांग्रेस वाले जितना कर ले पर यह मोदी की गारंटी है कि यहां जो भी घुसपैठिए हैं उन्हें बाहर जाना ही पड़ेगा। जो नेता बचाव कर रहे हैं उन्हें चुनौती दे रहूंगा कि आप घुसपैठिए को बचाने की जितनी कोशिश कर लें पर यह में होने नहीं दूंगा। ये राजद और कांग्रेस वाले लोग घुसपैठिए की ढाल बने हुए है। ये लोग चाहे जितना जोर लगा लें, लेकिन एक भी घुसपैठिए को बिहार में रहने नहीं दिया जाएगा। घुसपैठिए के सवाल पर सरकार कार्रवाई भी करेगी। और देश में इसके परिणाम अच्छे रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राजद और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस वालों के कारण बिहार के सम्मान और बिहार के पहचान की भी खतरा है। ये वही कांग्रेस है जिनके लोग बिहार की तुलना बीडी से करते हैं। बिहार की डबल इंजन की सरकार निरंतर विकास के कार्यों से बिहार को समृद्ध करने में लगी है। किसानों के हित का ख्याल रखा। आज मखाना को जीआई टैग किस सरकार की देन है। 90 दशक की सरकार के समय बिहार से बाहर मखाना के बारे में कोई जानता था क्या? लेकिन नीतीश कुमार के शासन में किसानों के आय बढ़ाने का काम किया गया। बिहार की जनता से वादा किया था कि मखाना बोर्ड का गठन करेंगे। कर दिखाया न। पर पिछली सरकार को प्रगति रास नहीं आ रही थी। तब की सरकार किसानों का शोषण किया। बिहार की मि ी को धोखा दिया। आज वही बिहार अफ्रीका को रेल इंजन सप्लाई कर रहा है। दरअसल पिछली सरकार को अपनी तिजोरी भरना था। इसलिए जनता के लिए क्यों सोचते? ये लोग लालटेन जला कर हाथ से पैसा बटोरने में लगे थे। इनकी चिंता में बिहार नहीं अपना परिवार का विकास था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्णिया की जनसभा से 40000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को पूर्णिया की जनता के हवाले किया पीएम मोदी करीब 46 करोड़ की लागत से बने पूर्णिया एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का उद्घाटन कर काफी राहत पहुंचाई। पीएम मोदी 40,000 से अधिक लाभार्थियों को पक्का घर सौंपा। प्रधानमंत्री मोदी अररिया-गलगलिया रेलखंड पर ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर जनता का भरोसा रखा। जोगबनी-दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस, सहरसा-छेहरटा (अमृतसर) अमृत भारत एक्सप्रेस और अमृत भारत एक्सप्रेस को भी रवाना किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धर्म का पहिया घुमाते आधी आबादी का भी ख्याल रखा। दिवाली,छठ के पहले पीएम मोदी ने जीएसटी कम करने की बात कर आधी आबादी पर भी निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने इस दौरान घोषणा भी की रसोई में इस्तेमाल होने वाले सामान पर जीएसटी कम करने की बात की। इस से महिलाओं के पर्स का बोझ हल्का होगा मसाले, सर्फ,साबुन,मंजन,पेस्ट आदि सस्ते होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्णिया दौरे पर यहां के एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इसके साथ ही पूर्णिया हवाई मार्ग के जरिए देश के अन्य हिस्सों से जुड़ गया है। पूर्णिया एयरपोर्ट शुरू होने का क्रेडिट स्थानीय सांसद पप्पू यादव भी ले रहे हैं। पप्पू यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट लिखा- प्रणाम पूर्णिया, पूर्णिया के लिए चुनाव पूर्व लिया, हर संकल्प को ससमय पूर्ण करना परम लक्ष्य !आज से पूर्णिया आसमान में उड़ान भरेगा, विकास की नई गाथा रचेगा। बीस साल दूर था एक वर्ष तीन माह में सेवा समर्पण से समग्र प्रगति का समुचित प्रयास किया। यह अनवरत निरंतर जारी रहेगा। प्रणाम पूर्णिया सलाम पूर्णिया जोहार पूर्णिया! पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र सीमांचल कोसी क्षेत्र को प्रगति पथ पर आगे लाकर देश में सर्वश्रेष्ठ बनाना है।

वहीं दूसरी तरफ सीएम नीतीश कुमार और पीएम मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के तमाम नेता इसे अपनी उपलब्धि बता रहे हैं। बता दें कि 17 सितंबर से इंडिगो की  लाइट सेवा पूर्णिया से शुरू हो जाएगी। 68 करोड़ की लागत से बने पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री मोदी ने फीता काटकर किया ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पूर्णिया में सजाए गए मंच पर पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की मौजूदगी सबका ध्यान खींचती रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंच पर तमाम एनडीए नेताओं के लिए कुर्सियां लगाई गई। उनमें एक सीट पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के लिए भी लगाई गई। खासकर सोशल मीडिया पर यह तस्वीर सामने आने के बाद लोग इसपर तमाम सवाल उठा रहे हैं। लोग अपने अपने हिसाब से अनुमान भी लगा रहे हैं। पप्पू यादव भले ही निर्दलीय सासंद हैं, लेकिन वह तमाम सार्वजनिक मंचों से खुद को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का सिपाही बताते रहते हैं। गांधी परिवार भी पप्पू यादव को उतनी ही तवज्जो दे रही है। हाल ही में दिल्ली बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बुलाई गई कांग्रेस नेताओं की बैठक में पप्पू यादव को भी बुलाया गया था। राहुल गांधी की ओर से निकाली गई वोट अधिकार यात्रा के दौरान भी पप्पू यादव को तेजस्वी यादव और राहुल गांधी के साथ कई मौकों पर गाड़ी पर जगह दी गई थी। बिहार बीजेपी नेताओं से जब पप्पू यादव को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इसको लेकर तर्क दिया है। बीजेपी नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह कोई चुनावी रैली नहीं है। पीएम मोदी बतौर देश के नेता बिहार को सौगातें देने आए हैं। सरकारी कार्यक्रम होने के चलते बतौर स्थानी सांसद पप्पू यादव को मंच पर जगह दी गई है।

बिहार के सीमांचल में चार जिले कटिहार, पूर्णिया, अररिया और किशनगंज आता है। माना जाता है कि इन जिलों की कुल 24 विधानसभा सीटें हर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। सीमांचल में भाजपा की राह कभी आसान नहीं रहती है, फिर चाहे लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का। सीमांचल में भाजपा अपनी उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाती है।

2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन ने यहां शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें राजद को 9, जेडीयू को 5 और कांग्रेस को भी 5 सीटें मिली थीं। भाजपा सीमांचल मे केवल 5 सीटों तक ही सिमट गई थी।

2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पिछली बार से तीन सीटें ज्यादा जीती थीं। भाजपा ने कुल 8 सीटें जीती थीं। इसकी एक वजह नीतीश कुमार का भाजपा का साथ होना बताया गया। जबकि कांग्रेस को 5, जेडीयू को 4, और आरजेडी को 1 सीट मिली थी। एआईएमआईएम ने 5 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया, हालांकि बाद में उसके चार विधायक राजद में शामिल हो गए। एक साल पहले 2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सीमांचल की 4 लोकसभा सीटों में से सिर्फ अररिया सीट पर ही जीत मिली थी। किशनगंज और कटिहार कांग्रेस के खाते में गईं, जबकि पूर्णिया की सीट निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव ने जीती थी। सीमांचल क्षेत्र में मुस्लिम वोटों की दिशा ही चुनाव का रुख तय करती है। किशनगंज में 68 फीसदी, अररिया में 43 फीसदी, कटिहार में 45 फीसदी और पूर्णिया मे 39 प्रतिशत मुस्लिम है। इस क्षेत्र में लंबे समय से कांग्रेस और राजद की मजबूत पकड़ रही है। लेकिन, 2020 के चुनाव में एआईएमआईएम की एंट्री ने समीकरण बदल दिए। ओवैसी की पार्टी ने मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण किया, जिसका अप्रत्यक्ष लाभ भाजपा को मिला।

# भारत-पाक मैच : हैंडशेक बटोर गया सुर्खियां



मनोज चतुर्वेदी

भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट एशिया कप मुकाबले में न तो बहले जैसा रोमांच दिखा और न ही दीवानगी दिखी।

वहीं मैच में भारत के सात विकेट से जीत के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव, ओपनर अभिषेक शर्मा और चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के प्रदर्शन के मुकाबले मैच में दोनों टीमों का हाथ नहीं मिलाना ज्यादा सुर्खियां पा गया। एकतरफा हार से बुरी तरह हताश पाकिस्तान टीम ने हाथ नहीं मिलाने के मुद्दे को एशिया कप के बायकाट की धमकी तक पहुंचा दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस आईसीसी से शिकायत करते हुए कहा है कि मैच रेफरी एंडी पायक्रा ट को नहीं हटाया तो वह एशिया कप से हट जाएगा।

पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी, जो एशियाई क्रिकेट काउंसिल के भी अध्यक्ष हैं, ने एक्स पर पोस्ट डाल कर इस शिकायत की पुष्टि की है। उन्होंने लिखा है कि पीसीबी ने क्रिकेट की भावना से जुड़े एमसीसी के नियम और आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर मैच रेफरी के खिलाफ दर्ज शिकायत में मैच रेफरी को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार मांग नहीं माने जाने पर पाकिस्तान चैंपियनशिप से हट सकता है। खबरों के मुताबिक पायक्रा ट टॉस से पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा को एकतरफ ले गए और कहा कि दोनों कप्तानों के बीच हैंडशेक नहीं होगा। यह भी कहा गया कि मैच के बाद पाकिस्तान टीम कुछ दूरी तक भारतीय ड्रेसिंग रूम की तरफ गई पर कोई जवाबी प्रतिक्रिया न देख कर लौटगई। पीसीबी के अनुसार टीम मैनेजर नवेद चीमा ने भारतीय खिलाड़ियों के खेल भावना के विपरीत व्यवहार की शिकायत की है।

आइसीसी के पाकिस्तान की शिकायत पर झुकने की संभावना नहीं है। इसकी वजह है कि रूल में हाथ मिलाने को लेकर खास निर्देश नहीं है। यह असल में नियम न होकर परंपरा मात्र है। वैसे भी खेलों में इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। साल 2023 के विम्बलडन में ही यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका से खेलते समय यह कहते हुए हाथ मिलाने से इंकार कर दिया था कि उनके देश ने हमारे देश पर हमला किया है। आयोजकों ने इस घटना पर कोई कार्रवाई नहीं की थी। पाकिस्तान को अपना मैच 17 सितम्बर को यूएई से खेलना है। पाकिस्तान यदि इस मैच में नहीं खेलता है तो उसके सुपर फोर में पहुंचने की सारी संभावनाएं खत्म हो जाएंगी। इसकी वजह यह है कि यूएई ओमान से मैच जीत चुका है, और पाकिस्तान नहीं खेलता है तो उसके चार अंक हो जाएंगे और वह सुपर फोर में पहुंच जाएगी। इसलिए यह तय है कि अगले 24 घंटे में पाकिस्तान को लेकर सारी स्थितियां स्पष्ट हो जानी हैं।

सभी जानते हैं कि कुछ दिनों पहले पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकियों ने हमला करके निदरेषों को मार दिया था। इसे ध्यान में रखकर ही पाकिस्तान से मैच खेलने का विरोध किया जा रहा था पर सरकार की नीति है कि आईसीसी टूनामेंटों में भारत और पाकिस्तान खेल सकते हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच के बाद कहा कि टीम ने मिल कर हाथ नहीं मिलाने का फैसला किया था। यह कदम पहलगाम आतंकी हमले में शहीद 26 निदरेषों के परिवारों के साथ एकजुटता दिखाने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि कुछ बातें खेल भावना से ऊपर होती हैं। हम अपने सशस्त्र बलोंऔर उनके परिवारों के साथ खड़े हैं।

पाकिस्तान खेलने का फैसला करता है तो इस स्थिति का एक या दो बार सामना करना पड़ सकता है। पर भारत यदि इस ट्रॉफी को जीतता है तो उसके सामने भी परीक्षा की घड़ी आनी है। एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष होने के नाते मोहसिन नकवी विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करेंगे। उस सूरत में देखने वाली बात होगी कि भारत उनके हाथों से ट्रॉफी लेता है, या नहीं। जहां तक बात पाकिस्तान के साथ मुकाबले की है तो उसमें बिल्कुल दम नजर नहीं आया। सही है कि दोनों ने युवा खिलाड़ियों की टीम उतारी हैं पर भारतीय टीम पिछले एक-डेढ़ साल में एकजुट हो गई है। वहीं पाकिस्तान की युवा टीम में ढेरों खामियां नजर आई। पाकिस्तान के उच्च क्रम के बल्लेबाज स्पिन खेलने में बौने साबित हुए।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम का कहना है कि पाकिस्तानी बल्लेबाज कुलदीप यादव को पढ़ ही नहीं सके और उन्होंने पारी ढहाने में अहम भूमिका निभाई। इस मुकाबले के बारे में पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की टिप्पणी स्थिति का किसी हद तक सही बयान करती है। गांगुली ने कहा,..सबसे महत्त्वपूर्ण आतंक रुकना चाहिए, सिर्फ भारत और पाकिस्तान में ही नहीं, बल्कि सारी दुनिया में। पर खेल कतई नहीं रुकने चाहिए। सही स्थिति यह है कि दोनों टीमों के बीच कोई मुकाबला ही नहीं था। मैं भारत-पाक मुकाबले की बजाय भारत के ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका ही नहीं अफगानिस्तान के साथ मुकाबले को देखना पसंद करूंगा। मुझे नहीं लगता कि भारत और पाकिस्तान मुकाबले में कोई दिलचस्पी बची है। हम पिछले पांच सालों से इस मुकाबले की हाइप जरूर बनाते हैं पर हर बार टांय टांय फिस्स जरूर हो रही है। अब यह मुकाबला वनवे ट्रैफिक हो गया है।




(लेख में विचार निजी हैं)

# श्री पार्श्[वनाथ जैन विद्यालय वरकाणा में चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट मे श्री पार्श्[वनाथ जैन विद्यालय वरकाणा व कोट बालियान टीमों ने जीते खिताब

द डेस्प्रिंग








**रानी / नगराज वैष्णव ।**/श्री पार्श्[वनाथ जैन विद्यालय, वरकाणा के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट (14 वर्षीय छात्र-छात्रा वर्ग) का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के छात्र वर्ग से 28 टीमों और छात्रा वर्ग में 13 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया और रोमांचक मुकाबलों का आनंद उपस्थित दर्शकों ने उठाया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रकवि युगराज जैन, बाबूलाल मंडलेशा भरत परमार,कांतिलाल मेहता (डायलाना), नथमल गांधी, उमेशचंद भंडारी, राजकुमार राठौड़ तथा भूराराम चौधरी थे। प्रतियोगिता के संचालन एवं निर्णय में मुख्य निर्णायक एवं चयनकर्ता मंडल का विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में सभी मैच निष्पक्ष और उच्च स्तर पर सम्पन्न हुए। आयोजन कर्ता ने बताया की छात्र वर्ग के फाइनल में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। वरकाणा टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर राज पब्लिक स्कूल, कोट बालियान को कड़ी टक्कर दी और अंततः मैच पेनल्टी शूट आउट तक पहुँचा। जहाँ वरकाणा ने अद्भुत संयम और दक्षता का परिचय देते हुए 5-4 से जीत दर्ज की और चैंपियनशिप पर कब्ज़ा जमाया। वहीं छात्रा वर्ग के फाइनल में राज पब्लिक स्कूल, कोट बालियान और राजकीय उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय, लुणावा के बीच कांटे की टक्कर हुई। दोनों टीमों ने सराहनीय खेल दिखाया और मैच पेनल्टी शूट आउट तक पहुँचा। जिसमें राज पब्लिक स्कूल, कोट बालियान ने 3-2 से विजय प्राप्त कर बालिका वर्ग की ट्रॉफी अपने नाम की। इस अवसर पर प्रतियोगिता के मुख्य आयोजन कर्ता विद्यालय प्रधानाचार्य सुनीत चतुर्वेदी, सीईओ अमिता गांधी तथा प्रशासक दिनेश चौधरी कॉलेज प्राचार्य डॉ सचेंद्र बोहरा उपस्थित रहे। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाओं में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ प्रतिनियुक्ति के कार्मिकों का भी सराहनीय सहयोग रहा।समारोह में अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए और खिलाड़ियों को खेलों में निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। समापन समारोह तालियों की गड़गड़ाहट और विजयी खिलाड़ियों के उत्साहपूर्ण नारों के बीच सम्पन्न हुआ।

## आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर से पीड़ित परिवारों को न्याय के लिऐ अनिश्चितकालीन धरना आज आठवें दिन भी जारी रहा




द डेस्प्रिंग

**बीकानेर/ श्रीराम भादू /बीकानेर ।** आयुष्मान हार्ट अस्पताल पीड़ित संघर्ष समिति के बैनर तले व कांग्रेस प्रदेश सचिव रामनिवास कुकणा के नेतृत्व में आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर तथा डॉक्टर बीएल स्वामी से पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए चल रहा अनिश्चितकालीन धरना आज आठवें दिन भी जारी रहा। कांग्रेस प्रदेश सचिव रामनिवास कुकणा ने कहा की इस आंदोलन में प्रतिदिन नये पीड़ित परिवार शामिल हो रहें है यह धीरे धीरे अब जन आंदोलन का रूप ले रहा है इसलिए सरकार व प्रशासन समय रहते आंखें खोल ले नहीं तो सैंकड़ों पीड़ित परिवारों के साथ सड़कों पर उतरकर लड़ेंगे पूर्व अध्यक्ष कृष्णकुमार गोदारा ने कहा की हम इस लड़ाई को गांधीवादी तरीके से लड़ रहे है लेकिन प्रशासन हमारी परीक्षा ना ले अन्यथा हम आर पार लड़ेंगे हस्द्ध जिलाध्यक्ष हरीराम गोदारा ने कहा कि इतने गंभीर आरोपों वाले अस्पताल और डॉक्टर बीएल स्वामी को प्रशासन बचाने में लगा हुआ है यह समझ से परे है इस अवसर पर सैंकड़ों लोग उपस्तिथ थे।

# जिला प्रभारी सचिव डॉ. नीरज के पवन और जिला कलेक्टर ने किया ग्रामीण- शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण

द डेस्प्रिंग




**हनुमानगढ़ / विनोद चौधरी ।** जिले के प्रभारी सचिव एवं खेल, युवा मामले शासन सचिव डॉ. नीरज के पवन ने बुधवार को जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव के साथ ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने रावतसर के पूरबसर, धन्नासर एवं हनुमानगढ़ के चक ज्वालसिंहवाला में ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। वहीं, हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित नगरपरिषद कार्यालय एवं नोहर नगरपालिका में श्रीराम वाटिका में आयोजित शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सेवा शिविरों का लाभ वास्तविक रूप से आमजन तक पहुँचे और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर अधिकारियों से उनके विभाग की योजनाओं और प्राप्त हो रहे आवेदनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जोर देकर कहा शिविर में आए किसी भी व्यक्ति को निराशा के साथ वापस न जाना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर शिकायत को गंभीरता से लें और उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

**जिला प्रभारी सचिव डॉ. नीरज के पवन और जिला कलक्टर डॉ. यादव ने भूखंडों के पट्टो का वितरण किया।** मंगला पशु बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के पात्र लाभार्थियों को पॉलिसी का वितरण कर योजना से लाभान्वित किया। उन्होने मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत असंगठित श्रमिक, पथ विक्रेता और लोक कलाकारों का पंजीकरण कर योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर उम्मेदी लाल मीना, विधायक गणेशराज बंसल, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओपी बिश्नोई, नोहर एडीएम संजू पारीक, रावतसर एसडीएम संजय अग्रवाल, हनुमानगढ़ एसडीएम मांगीलाल सुथार, नोहर एसडीएम राहुल श्रीवास्तव, नगरपरिषद आयुक्त सुरेंद यादव भी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिन पर हुआ महा रक्त दान शिविर आयोजित

द डेस्प्रिंग




**धौलपुर विजय श्रीवास्तव ।** विश्व के अति लोकप्रिय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के 75 वे जन्म दिन पर स्वतंत्रता सेनानी स्व मंगल सिंह राजकीय चिकित्सालय फ़द्दी का चौराहा धौलपुर पर विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। **महा रक्त दान शिविर में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के नेतृत्व में पार्टी** पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ साथ समाजसेवियों, रक्तवीरो,आम जनता ने स्वेच्छा से रक्त दान किया।

**इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मां भारती के अनन्य उपासक सनातन संस्कृति के संवाहक विकसित भारत के शिल्पकार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पके नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बना है बेरोजगारी में कमी आई है युवाओं को रोजगार पिछली कांग्रेस गठबंधन सरकार के कार्यकाल से ज्यादा रोजगार मिला है। कई करोड़ लोगों को घर मिले हैं। देश विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेनाओं ने आपरेशन सिंदूर को सफ़ल बनाया और पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है। रक्त दान महा दान होता है। सभी को आगामी शिवरों में रक्त दान कर पुण्य का कार्य करें।

महा रक्त दान शिविर के संयोजक विनय परमार, सह संयोजक आशीष मिश्रा, सह संयोजक आनंद शर्मा प्रधान, नंदकिशोर शुक्ला के सानिध्य में शिवर लगाया गया। संयोजक विनय परमार ने बताया कि धौलपुर शहर के रक्त दानदाताओं ने शिविर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्त दान किया सैकडो यूनिट रक्त दान किया जिसे चिकित्सालय में जमा करा दिया गया है।

**कार्यक्रम में जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी, जिला संगठन प्रभारी** पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, जिला संगठन सह प्रभारी लोकेश चतुर्वेदी,भाजपा प्रत्याशी डॉ शिवचरण कुशवाह, पूर्व विधायक सुखराम कोली, धीर सिंह जादौन, जिला महामंत्री मदन लाल कोली, नवल सिंह लोधा, पुराना शहर मंडल अध्यक्ष रजत जनसंघी, कोठी शहर मंडल अध्यक्ष हेम सिंह बघेला, जाटोली मंडल अध्यक्ष राधेश्याम सक्सेना,अविनाश शर्मा, मुकेश हनुमानपुरा, कमल पहाड़िया, रामकुमार गर्ग, नरेंद्र सिंह तोमर,महिला मोर्चा संयोजक कल्पना शर्मा, सह संयोजक शशि त्यागी,राहुल राणा, ऋतिक वर्मा,शिव शंकर परिहार, वाचाराम बघेल, के जी तिवारी, नेहा राघव, मीना सिंह, मुकेश सक्सेना, पंकज शर्मा, हरिओम बघेल, सचिन प्रजापति, प्रदीप सिंह सिसोदिया, रविन्द्र सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने रक्त दान शिविर में उपस्थित रहे।

# स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का अग्रसेन भवन से आगाज

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

### देश में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किया शुभारंभ

द डेस्प्रिंग



**हनुमानगढ़+ विनोद चौधरी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 8वें पोषण माह के साथ 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ किया। जिसका लाइव प्रसारण जिला स्तरीय कार्यक्रम में जंक्शन स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का आगाज किया गया।

**स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होगा,** वहीं राष्ट्रीय पोषण माह 17 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। जिसमें प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक सीएचसी, पीएचसी में यह अभियान आयोजित किया जाएगा, महिलाओं को सशक्त बनाने, किसी भी बीमारी से ग्रस्त महिलाओं को उचित उपचार उपलब्ध करवाने सहित अन्य परामर्श सेवाओं के कार्य इसके तहत किए जायेंगे।

**इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने विभिन्न चिकित्सा सेवाओं की स्टॉल का निरीक्षण** कर जानकारी ली एवं निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया।

**इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा राष्ट्र के स्वास्थ्य परिदृश्य में बदलाव लाने के लिए देश भर में समर्पित** चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें महिलाओं के लिए विशेष चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाएगी।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया की** अभियान के तहत आयोजित शिविरों में स्त्री रोग, ईएनटी, नेत्र रोग, मधुमेह, दन्त और रक्तचाप की जांच के साथ साथ गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, एनीमिया व टीबी संबंधी जांच, मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड, आयुष्मान वय वन्दना कार्ड, निक्षय मित्र, स्वयंसेवी पंजीकरण, अंगदान पंजीकरण के साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जायेगा।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू, पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची, पूर्व विधायक गुरदीप शाहपिनी, जनप्रतिनिधि अमित चौधरी, एडीएम उम्मेदीलाल मीना, नगर परिषद आयुक्त सुरेंद यादव, विकास गुप्ता, संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहें।

## ग्राम पंचायत थालड़का के मुख्य बस स्टैंड स्थित प्राचीन श्री बालाजी मंदिर पर जागरण 22 सितंबर को

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)** ग्राम पंचायत थालड़का के मुख्य बस स्टैंड स्थित प्राचीन श्री बालाजी मंदिर पर 22 सितंबर को प्रथम नवरात्र पर विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है। जागरण को लेकर के तैयारियां जोर-जोर से चल रही है ।मंदिर परिसर में साफ सफाई रंग रोगन एवं प्रचार प्रसार के लिए अलग-अलग टीम में बनाकर के कार्य किया जा रहा है। यह जागरण समस्त ग्राम वासियों की सहयोग से लगाया जा रहा है। टीमों के कार्यकर्ताओं ने बताया कि जागरण को लेकर के पूरे गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है और स्थानीय दुकानदार एवं ग्रामीण आर्थिक सहयोग दिल खोलकर कर रहे हैं । बताया कि इस जागरण में आसपास के गांव एवं ढाणियों एवं चकों से भारी संख्या में बाबा के भगत पहुंचने की संभावना है। बताया कि इस मंदिर की मान्यता बहुत ज्यादा है यहां जो भी सच्चे मन से अपनी मुरादे लेकर आता है वह झोली भरकर के ले जाता है।जागरण को लेकर के स्थानीय बाजार में चहल-पहल भी शुरू हो चुकी है। बाबा के गुणगान करने के लिए श्री गणेश भजन मण्डल सादुलशहर(श्रीगंगानगर) कलाकार भाई महेन्द्र कल्याणा सुनील तंवर करेंगे।

## 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सितारगंज में धूमधाम और श्रद्धा से सम्पन्न हुई विश्वकर्मा पूजा,

### पूरे परिसर में गूंजे भजन-कीर्तन

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज/दीपक भारद्वाज।** 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सितारगंज के मुख्यालय एवं सभी सीमा चौकियों पर आज विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और आध्यात्मिक माहौल में सम्पन्न हुआ। कमांडेंट मनोहर लाल की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में बल द्वारा उपयोग किए जाने वाले हथियारों, वाहनों और विभिन्न उपकरणों की विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा भगवान विश्वकर्मा, जिन्हें शिल्प, कला और वास्तुकला का देवता माना जाता है, की आराधना कर जवानों ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में सफलता, सुरक्षा और शक्ति की प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में मंत्रोच्चारण, हवन और भजन-कीर्तन की गूंज से भक्ति और सौहार्द का अद्भुत वातावरण बना रहा। पूजा उपरांत सभी अधिकारियों और जवानों को प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें जवानों का उत्साह और आस्था देखने लायक थी। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कमांडेंट मनोहर लाल ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा श्रम, कौशल और निष्ठा का संदेश देती है और यह हमें स्मरण कराती है कि अपने उपकरणों और साधनों का सम्मान करते हुए हमें राष्ट्र सेवा में सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बल में अनुशासन, आपसी सौहार्द और भाईचारे को और मजबूत करते हैं। आयोजन में उप-कमांडेंट दीपक सिंह जायड़ा, उप-कमांडेंट दीपक सिंह तोमर, सहायक कमांडेंट अरविन्द, निरीक्षक मुन्नी बाई समेत अधीनस्थ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में जवानों की उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे मनोयोग से पूजा-अर्चना में भाग लेकर आपसी एकता, अनुशासन और समर्पण की भावना को और प्रगाढ़ किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा बल्कि इसने बल के अधिकारियों और जवानों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया।

# उपविजेता हॉकी टीम छात्र वर्ग 17 वर्षीय का गांव पहुंचने पर स्कूल में स्वागत

द डेस्प्रिंग




**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोनड़ी की 17 वर्षीय छात्र वर्ग हॉकी टीम ने जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में जिला स्तर पर खेलते हुए उपविजेता रहकर परचम लहराया। 30 वीं जिला स्तरीय 17 वर्षीय छात्र वर्ग हॉकी प्रतियोगिता हनुमानगढ़ टाउन में हुई थी जिसमें कुल 6 टीमों ने भाग लिया उसमें फ़ाइनल मुकाबला सोनड़ी और थालड़का के मध्य खेला गया जिसमें गांव की टीम 0-2 से हारकर उपविजेता रही। उपविजेता हॉकी टीम गांव के स्कूल में पहुंचने पर स्कूल स्टाफ दयाराम भांभू, रामनिवास गोदारा, राजेंद्र छिम्पा, पंकज शर्मा, चंद्रशेखर पुनिया, राजपाल खोथ, किशनलाल जोइया, रामकुमार वरिष्ठ अध्यापक सहित समस्त शिक्षकों के द्वारा टीम प्रभारी शारीरिक शिक्षक समुद्र सिंह सिहाग व सभी हॉकी टीम खिलाड़ियों का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

वहीं पुस्तकालय अध्यापक दयाराम भांभू ने बताया कि गांव के बच्चे जिलास्तर पर परचम लहरा रहे हैं। 14 वर्षीय छात्र वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में गांव की टीम भी उपविजेता रही थी। साथ में कहा कि अनुशासन जीवन में पहली प्राथमिकता है कोई भी क्षेत्र हो उसमें बच्चे अनुशासन के साथ आगे बढ़ें व खेलों के माध्यम से ओर अधिक अच्छा प्रदर्शन कर स्कूल और गांव का नाम रोशन करें। गांव के विधालय की हॉकी में सभी वर्गों की टीमों का अच्छा प्रदर्शन करने में सबसे बड़ा अहम् भूमिका शारीरिक शिक्षक समुद्र सिंह सिहाग, सीता राम लालर व राधेश्याम लालर की रही इनके द्वारा कठिन परिश्रम करके कराई गई तैयारी की बदौलत ही आज इस मुकाम तक टीमें पहुंची है। इनकी मेहनत के कारण अब तक हॉकी में अच्छे खेल से गांव में 15 शारीरिक शिक्षक और 25 अन्य सरकारी कर्मचारी बन गए हैं।

# उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में विद्यालय के जर्जर भवनों का किया निरीक्षण



द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ / विनोद चौधरी ।** माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर के प्रकरण डी.बी. सिविल रिट पिटीशन (पीआईएल) नं. 11613/2025 के आदेश अनुसार 9 सितंबर, 2025 की पालना में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूदा स्कूल भवनों/कमरों का, जहां अभी भी पढ़ाई चल रही है का यादृच्छिक सर्वेक्षण करने के निर्देश दिये है। जिसके क्रम में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) तनवीर चौधरी के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय 02 पीबीएन, राजकीय प्राथमिक विद्यालय 14 पीबीएन एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय 04 एमओडी का निरीक्षण किया गया। उक्त विद्यालयों के भवन जर्जर अवस्था में पाये गये निरीक्षण के दौरान उपस्थित अध्यापकों द्वारा अवगत करवाया गया कि उक्त विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को वैकल्पिक व्यवस्था में संचालित भवनों में अध्यापन करवाया जा रहा है तथा उक्त जर्जर भवनों से प्रशासन व उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा अवगत करवाया गया कि विद्यालयों के भवन क्षतिग्रस्त व जर्जर अवस्था में होने एवं समुचित व्यवस्था न होने पर विद्यार्थियों के अध्ययन पर विपरीत प्रभाव भी पड़ रहा है सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया द्वारा अवगत करवाया गया कि उक्त निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर को प्रेषित की जावेगी।

# रानी भागवत कथा का सप्तम दिवस ,थारी चाकरी मे चूक कोनी राखु, कृष्ण मुरारी कथा प्रवक्ता

द डेस्प्रिंग



**नगराज वैष्णव ।** श्रीकृष्ण मुरारी प्रेम परिवार, जोधपुर क़े बैनर तले श्रीमद् भागवत कथा रानी स्टेशन क़े प्रताप बाजार मे स्थित गजानन्द मंदिर मे 11 से 17 सितम्बर, 2025 तक जारी कथा क़े सप्तम दिवस मे व्यासपीठ प्रवक्ता कृष्ण मुरारी महाराज जी ने आज पितृ पक्ष मे पितृ स्तुति, कृष्ण के 16107 विवाह, नारद का शंका समाधान, सुदामा चरित्र, नंद बाबा यशोदा से मिलन, राधा कृष्ण मिलन, 24 गुरु की कथा, सुकदेव जी की विदाई के साथ परीक्षित मोक्ष कथा का वर्णन करते हुए बताया कि माता पिता से बढ़कर जीवन मे कुछ नही है जिसने माता पिता को खुश रखा वो भगवान को भी प्यारा है माता पिता संसार के साक्षात भगवान है चार धाम की यात्रा कुम्भ स्नान का फल माता पिता की सेवा से ही मिल जाता है गुरु की महत्वता को बताते हुए कहा कि जीवन की सबसे पहली गुरु भी मा ही होती है माँ से बढ़कर कोई गुरु नही होता पुण्डरीक ने माता पिता की सेवा की तो भगवान को उसके घर आना पड़ा वो लोग बड़े भाग्यशाली होते है जिनको माता पिता की सेवा करने का अवसर मिलता है सजल नेत्रों से गुरुदेव ने कहा कि भारत का दुर्भाग्य है कि आज लोग अपने माता पिता को अनाथालय ओर वृद्धा आश्रम में छोड़कर आते हैं ऐसा करने वाले अपनी बारी का भी इंतजार करें माता पिता जीवित है तो सेवा कर लो बाद में किया गया कार्य उनको मिले न मिले कोई जरूरी नही है जिनके माता पिता है उनसे निवेदन है वे माता पिता की सेवा करके अपना जीवन धन्य बनाने की पूरी कोशिश करे, कृष्ण मुरारी प्रेम परिवार के अशोक अरोड़ा ने बताया कि गुरुदेव ने सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया सारे पंडाल सरोज प्रिया जी क़े भजन थारी चाकरी में चूक कोनी राखु में हाजरी लगाकर भागवत जी की पोथी को मंदिर पहुंचाया द्य दिनांक 18 से 20 सितम्बर 2025 तक सरोज प्रियाजी की मधुर वाणी से नानी बाई रो मायरो का आयोजन आप सभी क़े तन, मन व धन क़े सहयोग से गणेश आश्रम मे आयोजित होगा

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चलाया न्यू बस स्टैंड पर सफाई अभियान

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग





भारतीय जनता पार्टी शहर धौलपुर कोठी मंडल एवं पुराना शहर मंडल धौलपुर के संयुक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में न्यू बस स्टैंड जी टी पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सफाई कर अभियान की शुरूआत की गई। कोठी शहर मंडल अध्यक्ष हेम सिंह बघेला एवं पुराना शहर मंडल अध्यक्ष रजत जनसंघी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने न्यू बस स्टैंड सफाई की गई। जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान चलाकर देश में स्वच्छता की ओर आम जनता को जोड़ने के लिए अभियान की शुरुआत की गई थी। हेम सिंह बघेला एवं रजत जनसंघी ने कहा कि संपूर्ण शहर के बूथ स्तर तक सफाई अभियान को चलाया जा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो स्वच्छता अभियान चला कर देश के आमजन को नई दिशा प्रदान की है। हर व्यक्ति स्वच्छता पर ध्यान दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान से हर व्यक्ति जुड़ चुका है। देश भर में हर व्यक्ति का सफाई पर ध्यान केंद्रित है। स्वच्छता अभियान में जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, पूर्व जिला अध्यक्ष सतेन्द्र पाराशर, जिला महामंत्री मदन लाल कोली,मुकेश हनुमानपुरा धीर सिंह जादौन, नरेंद्र सिंह तोमर, रामकुमार गर्ग, एडवोकेट रमाशंकर शर्मा, विजय श्रीवास्तव, कमल पहाड़िया,अशोक पचोरी, विशाल सिंघल, दिग्विजय सिंह राजावत शशि त्यागी, नीमा सिंह,सचिन प्रजापति, मनोज कटारे, नेहा राघव, राहुल राणा, चन्द्र मोहन राणा, रामकुमार कुशवाह, हरेंद्र सिंह राव, पवन त्यागी, उमा ठाकुर, ऋतिक वर्मा,योगेश प्रताप सिंह, राघवेंद्र उपाध्यक्ष, वाचाराम बघेल, प्रदीप सिंह सिसोदिया, रविन्द्र सिंह हथवारी श्याम सोनी, दीपक कटारे, सहित पदाधिकारी गण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एमएलएसयू कुलगुरु द्वारा ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत एवं असंवेदनशील वक्तव्य पर आपत्ति दर्ज करने हेतु विद्यार्थी परिषद् ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

द डेस्प्रिंग



**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी उदयपुर कुलगुरु द्वारा ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत एवं असंवेदनशील वक्तव्य पर आपत्ति दर्ज करने पर विरोध दर्ज कर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। नगर मंत्री अंशुल सैनी ने बताया कि 12 सितंबर को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर की कुलगुरु प्रो. सुनीता मिश्रा ने अपने एक सार्वजनिक वक्तव्य में मुग़ल शासक अकबर को महान राजा तथा क्रूर शासक औरंगज़ेब को सबसे अच्छा प्रशासक बताया गया। राजस्थान की वीरभूमि विशेषकर महाराणा प्रताप की त्याग-वीरता और बलिदान से जुड़ी इस धरा पर ऐसा कथन न केवल ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत है बल्कि समाज की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँचाने वाला भी है। इतिहास साक्षी है कि अकबर ने साम्राज्य विस्तार के लिए आक्रामक नीतियाँ अपनाई जिनके विरोध में महाराणा प्रताप ने स्वतंत्रता एवं स्वाभिमान की रक्षा हेतु आजीवन संघर्ष किया। औरंगज़ेब अपने शासनकाल में धार्मिक कट्टरता, मंदिरों के विध्वंस और असंख्य अत्याचारों के लिए कुख्यात रहा। ऐसे में कुलगुरु का यह कथन विद्यार्थियों और समाज के बीच ऐतिहासिक भ्रम एवं गलत संदेश फैलाने वाला है। यह पद की गरिमा के विपरीत एवं उच्च शिक्षा संस्थान की साख को ठेस पहुँचाने वाला आचरण है। इस मामले में कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उच्च शिक्षा विभाग इस पर आवश्यक संज्ञान लेकर ठोस कार्यवाही करे। यदि समय रहते कुलगुरु को उनके पद से हटाया नहीं गया, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बाध्य होकर प्रदेशभर में आंदोलन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पुलकित कराड, अभिषेक सिंह, दिव्य जैन, दीपक, केशव सैनी, वैभव पांचाल, अर्पित तिवारी, मुकुल सुमन, आयुष नामा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कार्य किया

द डेस्प्रिंग



**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को स्वच्छता कार्यक्रम रखा गया जिसमें पुराने बस स्टैंड, मुख्य सड़क व चामुंडा माता मंदिर परिसर पर सफाई कार्य किये गए । इस दौरान पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक चन्द्रकान्ता मेघवाल ने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान कार्यकर्ता हर दिन धार्मिक स्थल,प्राचीन धरोहरों,सार्वजनिक स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री योगेन्द्र श्रृंगी ने कहा कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है ताकि स्वास्थ्य को बेहतर रहे और बीमारियों को कम किया जा सके। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में मंडल प्रभारी राजेन्द्र पाटनी,मंडल अध्यक्ष विनोद नामा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक दीपक शर्मा,सह संयोजक ललित नामा ने कार्यक्रम में पधारने पर कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया । इस दौरान जिला मंत्री पवन चौहान,पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबू सिंह जादौन,शम्भूदयाल नामा,मंडल प्रतिनिधि मुकेश चाँदसिंना,मंडल महामंत्री प्रवीण चित्तौड़ा,उपाध्यक्ष मूलचंद बाथला, दीनदयाल गुर्जर,केशव श्रृंगी,मुकेश मेघवाल,रफीक रंगरेज,मंडल मंत्री श्याम सेन,अनिता अग्रवाल,कोषाध्यक्ष रामचरण बेथरिया,वाइस चैयरमेन प्रतिनिधि गणेश गुर्जर,पार्षद रामनारायण मेघवाल,भोजराज गुर्जर, हरजीत केवट, भानु नामा,शुभम शर्मा,राजेश सैनी, मन की बात संयोजक शशि शर्मा,सह संयोजक मनीष डागर,मीडिया प्रभारी मनीष राठौर,सोशल मीडिया सह प्रभारी कार्तिक शर्मा,सह कार्यालय मंत्री जेताराम मारुभाट,बूथ अध्यक्ष अक्षय वाल्मीकि, महावीर संगत,दिनेश शर्मा, वरिष्ठ नेता शम्भूदयाल श्रृंगी, शम्भूदयाल सोनी,श्रीनाथ पोकरा,अभिषेक जैन,चंद्रप्रकाश भूतिया,चिमन चौधरी, राकेश प्रजापत,मनोज मलिक,बंटी नामा,अभिषेक भारद्वाज, मिथलेश कुस्तला, बसंत शर्मा,विक्की वाल्मीकि,श्याम नामा,पवन नामा,हजारीलाल मेघवाल, राम नामा,नरेश पंचोली,आशीष शर्मा,अमित नामा,दिनेश वाल्मिकी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ढण्ढ शीशवाड़ा मोड़ पर 23 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भव्य रामकथा, पोस्टर विमोचन में उमड़ा सर्व समाज

द डेस्प्रिंग



**मनोज खंडेलवाल ।** महवा उपखंड के गांव ढण्ढ शीशवाड़ा मोड़ पर परम पूजनीय 1008 निर्मल संत हरेंद्रानंद सरस्वती महाराज ध्रुवघटा वालों के पावन सान्निध्य में होने वाली भव्य रामकथा का पोस्टर विमोचन बुधवार को पूरे गांव के सर्व समाज व ग्रामीण बालकों की मौजूदगी में हुआ। यह कथा 23 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगी, जिसमें न सिर्फ क्षेत्रीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर के संत, कलाकार और श्रद्धालु शामिल होंगे। पोस्टर विमोचन के दौरान संत हरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि यह आयोजन सर्व समाज की एकजुटता और आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म, वैदिक मान्यताओं और आर्य संस्कृति की जड़ें इस देश की आत्मा हैं और भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की गाथाएं जन-जन तक पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि श्रीराम केवल एक कथा का पात्र नहीं, बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम और जीवन मूल्यों के प्रेरक आदर्श हैं, जिनके पदचिह्नों पर चलकर ही समाज को सही दिशा मिल सकती है।

स्वामी जी ने बताया कि इस रामकथा का उद्देश्य समाज को संस्कार, धर्म और मर्यादा के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करना है। कथा वाचन भारतवर्ष के प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ अतुल कृष्ण भारद्वाज करेंगे, जिनकी वाणी से रामकथा का अमृत प्रवाह होगा। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी। देशभर से बड़े साधु-संतों का आगमन होगा, जिससे कथा का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व और बढ़ जाएगा। कथा के संयोजक योगेश शास्त्री ने बताया कि परंपरागत तरीके से पीले चावल वितरित कर हर गांव, ढाणी और सर्व समाज तक आमंत्रण पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्देश्य यह है कि अधिक से अधिक लोग इस आयोजन में शामिल होकर भगवान राम के जीवन संदेश और आदर्शों को आत्मसात कर सकें। इस अवसर पर रंजीत देशवाल, दिनेश जाटव, मनीष सोलंकी, अनिकेत देशवाल, परसोत्तम, राहुल, बृजेश गुर्जर, राजेंद्र गुर्जर, नितिन गुर्जर, शिवकेश, दीनदयाल पंडित, हरिओम पंडित, विकास चौधरी, अभिषेक प्रजापत, प्रदीप वेदप्रकाश प्रजापत, दीनदयाल बेरवा, धीर सिंह, चैन सिंह और हरबीर पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु मौजूद रहे। गांव और आसपास के क्षेत्रों में रामकथा को लेकर जबरदस्त उत्साह है। ग्रामीणों का कहना है कि यह आयोजन सामूहिक श्रद्धा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐतिहासिक संदेश छोड़ जाएगा।

# राहत शिविर में लोकेश मीणा 4000 रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

न्यूज़ धौलपुर जिले की तहसील बसेड़ी में जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड धौलपुर द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा था। शिविर में विद्युत विभाग द्वारा आम जनता को राहत प्रदान करने हेतु शिविर में बिजली बिल संशोधन, लम्बित पड़े बिजली बिल भुगतान, नए कनेक्शन आवंटित करने का कार्य चल रहा था। लोकेश मीणा जो विद्युत विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत हैं। लाइनमैन लोकेश मीणा के भ्रष्टाचार की शिकायते आए दिन उच्च अधिकारियों को मिल रही थी उच्च अधिकारियों की कई बार फटकार खाने के बाद भी आदतों में सुधार नहीं हो रहा था।लेकिन लोकेश मीणा पर कोई असर नहीं पड़ रहा था। ACB पुलिस महानिरीक्षक राजेश सिंह के निर्देशन में एसीबी करौली की टीम के पुलिस उप अधीक्षक जगदीश भारद्वाज ने लोकेश मीणा को 4000 रुपए की रिश्वत एक बिजली उपभोक्ता से बिजली बिल संशोधन कराने के लिए रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। इससे बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों में एक दम हड़कंप मच गया। शिविर में अफरा तफरी का माहौल हो गया। लोकेश मीणा लाइनमैन की काफी लंबे समय से शिकायतें भ्रटाचार निरोधक अधिकारियों के पास पहुंच रही थी एसीबी अधिकारियों ने कड़ी कार्रवाई करते हुए लोकेश मीणा को गिरफ्तार कर विद्युत विभाग को सूचना प्रेषित कर दी है।

# जयपुर में अब वार्डों की बाउंड्री तय

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** राजस्थान सरकार ने जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज का परिसीमन करने के बाद नए नगर निगम जयपुर का प्रारूप फाइनल कर दिया है। जल्द ही इसका नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। नए नगर निगम जयपुर में कुल 150 वार्ड बनाए गए हैं। क्षेत्र की सीमा तय होने के बाद जनसंख्या की दृष्टि से वार्ड नंबर 31 सबसे छोटा, जबकि वार्ड नंबर 135 सबसे बड़ा वार्ड होगा। 6 महीने पहले राज्य सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी करके नगर निगम हेरिटेज और ग्रेटर को एक कर दिया था। इसके बाद सरकार ने इसके परिसीमन पर काम करते हुए वार्डों का क्षेत्र निर्धारित करके लोगों से आपत्तियां मांगी थी। आपत्तियों का निपटारा करने के बाद परिसीमन प्रस्ताव को मंजूरी देकर गजट नोटिफिकेशन के लिए भेजा गया है।

# शिव महापुराण कथा का हुआ समापन

द डेस्प्रिंग



रामगढ़ कस्बे के भेरुजी महाराज मंदिर के निकट चल रही शिव महापुराण का वार गुरुवार को संपन्न हुई इस मौके पर रामगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बलीराम सैनी के द्वारा शिव पुराण कर रहे आचार्य का साफा बांधकर अभिनंदन किया गया इस मौके पर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष रामनिवास बरवाड़ा बृजभूषण शर्मा उर्फ डब्बू छोटेलाल सैनी निजु खान बिल्लू शर्मा नंदू कुमार इत्यादि मौजूद थे

# देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन को लेकर रामगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन

## केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, विधायक की मौजूदगी में मात्र 16 यूनिट ही रक्तदान हुआ

## रामगढ़ तहसीलदार अंकित गुप्ता ने भी किया रक्तदान

द डेस्प्रिंग





**रामगढ़ अलवर राजस्थान अमित भारद्वाज ।** देशकेप्रधानमंत्रीके जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा शक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में विशेष कैंप रक्तदान शिविरका आयोजन किया गया। इस अवसर पर नारी सशक्तिकरण अभियान को केंद्रित करते हुए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। कैंप में महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा आत्मनिर्भरता से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई।

जिला मुख्यचिकित्सा प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां प्रदान कीं और बताया कि स्वस्थ महिला ही एक स्वस्थ समाज की नींव होती है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने पोषण, स्वच्छता और बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त किया जाए, इसकी भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अलवर सांसद केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव राजस्थान के वन मंत्री संजय शर्मा रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता रामगढ़ पंचायत समिति प्रधान नसरू खान पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंहपाटा जिला महामंत्री भाजपा रामावतार चौधरी गणमान्य लोग भी शामिल हुए और नारी सशक्तिकरण को समाज के विकास का आधार बताते हुए सभी को सहयोग करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगी तभी परिवार और समाज प्रगति कर सकेगा। सेवा शक्ति पखवाड़ा के इस आयोजन ने महिलाओं में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया। कैंप के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और विभिन्न योजनाओं एवं अधिकारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस तरह का आयोजन समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ। रक्तदान शिविर के दौरान मात्र 16 यूनिट ही जुटा पाए जिनमे स्वयं तहसीलदार अंकित गुप्ता उनके वाहन चालक मानसिंह चौधरी व विधायक के अंगरक्षक सहित डीसीबी बैंक अलवर शाखा द्वारा तीन कर्मचारियों के द्वारा भी रक्तदान दिया गया कैंप के दौरान चिकित्सा स्टाफ में मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित राठौर डॉ मंजू शर्मा डॉक्टर बाबूलाल यादव डॉक्टर जितेंद्र शर्मा प्रेम शर्मा इनके साथ-साथ रामगढ़ उपखंड अधिकारी अनिल कुमार मीणा तहसीलदार रामगढ़ अंकित गुप्ताभाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान सैनी पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन राजकुमार यादव एडवोकेट दिनेश शर्मा एडवोकेट लाखन दत शर्मा एडवोकेट रोहतास सैनी सुभाष जैमिनी विजय शेखावत लकी कुकरेजागोविंद सैनी पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार कश्यप परमजीत सिंह पुंज जिला महामंत्री अल्पसंख्या सहित डीसीबी बैंक अलवर शाखा के सुरेश कुमार हरि सिंह कविता दीपक लोचन सिंह लोग भी उपस्थित रहे।

# रामलीला मंचन को लेकर बल्ली पूजन 20 सितंबर से होगी रामलीला प्रारंभ

द डेस्प्रिंग



**रामगढ़ अलवर (अमित भारद्वाज) ।** रामगढ़ कस्बे के तहसील रंगमंच के पास रामलीला मंच पर गुरुवार को रामलीला मंचन को लेकर बल्ली पूजन का आयोजन किया गया पंडित सुनील शर्मा के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर बलली पूजन कराया गया राम जानकारी के अनुसार रामलीला मंचन कमेटी के दिनेश शर्मा एडवोकेट में बताया की 20 सितंबर से रामलीला मंचन प्रारंभ की जाएगी इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रामावतार शर्मा श्री श्याम जन कल्याण समिति अध्यक्ष जवाहरलाल तनेजा धर्मवीर गुर्जर डॉक्टर कमल सिंह रमेश कालरा छगनलाल सेन मनोज सोनी नथी श्रीवास्तव राकेश मित्तल सेवाराम मेघवाल राजू खंडेलवाल शिव शंकर शर्मा तरुण शर्मा डॉ सुनील शर्मा राम अवतार शर्मा संदीप जैन महेश साहूसहित अनेक कलाकार व ग्रामीण मौजूद

# ज्योतिषाचार्य अभिमन्यू पाराशर ज्योतिष पुंज ग्लोबल अवार्ड 2025 से हुए सम्मानित

द डेस्प्रिंग



**सीकर/ पप्पू लाल शर्मा ।** ज्योतिष पुंज ग्लोबल फाउंडेशन दिल्ली द्वारा ज्योतिष सम्मान समारोह का आयोजन होटल ग्रीन लॉन्ज बैंक्वेट पिरागढ़ी मे सम्पन्न हुआ। जिसमें शिमला निवासी ज्योतिषाचार्य अभिमन्यू पाराशर को ज्योतिष /हस्तरेखा के क्षेत्र में निस्वार्थ सेवाओं के लिए तथा ज्योतिष पुनरूत्थान मे उनकी विद्वतापूर्ण उपलब्धि एवं योगदान करने पर कार्यक्रम संयोजक अश्वनी गौतम राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योतिष पुंज ग्लोबल फाउंडेशन प्रख्यात ज्योतिषाचार्य अंक शास्त्री विजय दहीबड़े ने संयुक्त रूप से गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र,, मोमेंटो ज्योतिष पुंज ग्लोबल अवार्ड 2025 प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान मिलने पर प्रमुख समाजसेवी गोपाल भाई, प्रिंसिपल डॉ जगदीप यादव, पुरुषोत्तम शर्मा,राजेंद्र सिंह युवा नेता, समाजसेवी धर्मपाल, पंडित गोविंद राम शर्मा, ओंकारमल शर्मा, पूर्व प्राचार्य राम अवतार जेवरिया नरेश सैनी आदि ने बधाई दी।

# रानी शहरी सेवा शिविर2025 नगरपालिका रानी खुर्द

द डेस्प्रिंग




**नगराज वैष्णव ।** रानी मेन बाजार नगर पालिका परिसर मे दिनांक 17,9,2025, से 17,10,2025 तक आयोजित समय प्रातः 9 30 से शाम 6 बजे तक वार्ड 1 व 2 ताः 17,9,2025 व18,9,2025 को आयोजीत शहर के स्वच्छ, सी सी सडक , पेच वर्क दुरस्त करना, शहर के प्रमुख चौराहो , पार्क , डिवाईडर, सामुदायिक केन्द्र, रेन बसेरा का रख रखान व सोन्दर्यकरण करना , नालियो की मरमत , शहर की स्ट्रीट लाईटे दुरस्थ करना , जन सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा , अंधेरी व सुनसान सडको पर स्ट्रीट लाईट लगना , आवारा पशुओ की धरपकड , जन्म मुत्यु , विवाह पंजनीयन , यूडि टेक्स जमा करना , अटल पेंशन योजना, अनुमोदित योजनाओं के पट्टे /69- ए,54- ई,50 बी,60-सी के अन्तर्गत पट्टे/ उपविभाजन पुनर्गठन / भू - उपयोग परिर्वतन , / नामान्तरण / खाँचा भूमी , लीज मुक्ती प्रमाण पत्र , भवन निर्माण , लिज होल्ड फ्री पट्टे , ताः 19 व23 को वार्ड3,4,5, तथा ताः 24,25 को वार्ड6,7,8, तथा ताः26,29 को वार्ड 9,10 तथा ताः3,10,2025 से 6,10,25 को वार्ड 11,12, तथा ताः 7 , 8 को वार्ड 13,14 तथा ताः 9, 10 वार्ड15,16 तथा ताः 13,14 को वार्ड 17,18 तथा ताः 15,10,2025 व16,10,25 को वार्ड19,20 तः 17,10,2025 वार्ड 1,20 तक शिविर आयोजित रहेगा ! रानी चैयर मेन भरत राठौड , उपाध्यक्ष डालचंद चौहान , प्रतिपक्ष नेता ईलीयाश चढ़वा , पाली डि एस ओ तथा सभी विभाग के कर्मचारी रहे उपस्थित प्रधान मंत्री आवास योजना के लाभार्थी भी रहे उपस्थित जेई एन के एम शर्मा , जे ई एन निजामुदिन , धनाराम चौधरी , बाबूलाल कुमावत ,किशन भाट , जितेन्द्र धारू, प्रकाश भटनागर चिकित्सा, आंगड वाडि , पेशन, ई मित्र , बिजली विभाग , के कर्मचारी रहे उपस्थित , प्रधानमंत्री आवास योजना के 12 व्यक्ति रहे लाभार्थी को चेक दिया गया !

# 140 पैसेंजर्स 13 मिनट तक हवा में हुए परेशान

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** जयपुर एयरपोर्ट पर बुधवार दोपहर कोलकाता से आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6E-715 रनवे पर पहुंचने के बाद भी लैंड नहीं हो पाई। इससे फ्लाइट में मौजूद 140 यात्री परेशान हो गए। करीब 13 मिनट तक जयपुर के आसमान में चक्कर काटने के बाद 1 बजकर 58 मिनट पर फ्लाइट की सफल लैंडिंग हो पाई। पिछले एक सप्ताह में जयपुर एयरपोर्ट पर यह तीसरी घटना है, जब फ्लाइट टच डाउन करके भी सफल लैंड नहीं हो पाई। दरअसल, इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6E - 715 कोलकाता से शाम 11 बजकर 30 मिनट पर जयपुर के लिए उड़ान भरती है। जो दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पहुंचती है। लेकिन बुधवार को 5 मिनट पहले 1 बजकर 45 मिनट पर ही फ्लाइट जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंच गई।



# अभिनेत्री ऐश्वर्या लक्ष्मी ने खुद के लिए लिया बड़ा फैसला

मलयालम और तमिल सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या लक्ष्मी ने हाल ही में एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर अपने अभिनय और फिल्मों पर ध्यान केंद्रित करने का ऐलान किया है। ऐश्वर्या का कहना है कि वक्त के साथ उन्होंने महसूस किया कि सोशल मीडिया ने उनकी असली सोच और जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को उनसे छीन लिया है। ऐश्वर्या लक्ष्मी ने बताया कि लंबे समय तक उन्हें यह विश्वास दिलाया गया कि एक्टिंग करियर को आगे बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया जरूरी है। इंडस्ट्री में बने रहने और दर्शकों से जुड़े रहने के लिए उन्होंने भी इस तरीके को अपनाया। लेकिन धीरे-धीरे उन्हें महसूस हुआ कि यह प्लेटफॉर्म उनके काम में बाधा बन रहा है। ये ना सिर्फ उनकी तैयारी को प्रभावित कर रहा था, बल्कि उनके निजी जीवन की सहजता भी खो रही थी। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा कि इंटरनेट की चमक-दमक में फंसकर वह उस ओर मुड़ गईं जो असल में उन्हें करना ही नहीं था। लगातार लाइक और कमेंट्स की होड़ में उनकी भाषा, सोच और अनुभव कहीं न कहीं पीछे छूट गए।
अभिनेत्री ने कहा कि सोशल मीडिया छोड़ना उनके जीवन का पहला मौलिक विचार है, जिसे उन्होंने पूरी तरह अपनाया। उनका मानना है कि कलाकार को किसी सांचे में ढालकर नहीं देखा जाना चाहिए। वह चाहती हैं कि उनकी पहचान उनके अभिनय और सिनेमा से बने, न कि सिर्फ इंस्टाग्राम पोस्ट्स और ट्रेंड्स से। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि इस फैसले के बाद शायद लोग उन्हें भूल जाएं, लेकिन वह इस जोखिम को उठाने के लिए तैयार हैं।

## सिनेमा पर देना चाहती हैं ध्यान

ऐश्वर्या ने साफ किया कि अब उनका लक्ष्य सिनेमा बनाना और जीना है। वह चाहती हैं कि आगे की उनकी फिल्मों में वही गहराई और संवेदनशीलता झलके, जिसे वह अपनी असल जिंदगी में महसूस करती हैं। उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में वह सचमुच कुछ बेहतर रचनाएं करती हैं, तो दर्शक उन्हें पुराने अंदाज में प्यार दें।



# घाटी की परफॉर्मेंस से सदमे में अनुष्का शेट्टी!

## भावुक नोट लिखने के बाद सोशल मीडिया से लिया ब्रेक




अनुष्का शेट्टी ने बाहुबली में देवसेना के रोल में सबका दिल जीत लिया और हर कोई उनका फैन बन गया था। उन्होंने इसके बाद कई और फिल्में कीं, पर अब एक्ट्रेस के एक फैसले ने फैंस को चौंका दिया है। अनुष्का शेट्टी ने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का फैसला किया है और पोस्ट लिखा है। अनुष्का ने यह फैसला अपनी हाल ही रिलीज हुई फिल्म घाटी को मिले ठंडे रिस्पॉन्स के बाद लिया है। अनुष्का शेट्टी का असली नाम है स्वीटी है, पर ऑनस्क्रीन ऐसी धाकड़ हैं कि बड़े-बड़े स्टार्स भी इनके आगे फीके पड़ जाते हैं। फैंस तो उन्हें लेडी सुपरस्टार कहकर बुलाते हैं, पर अब यही सुपरस्टार सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही है।

### अनुष्का शेट्टी का भावुक नोट- जल्द मिलूंगी

अनुष्का ने अपने X अकाउंट पर एक नोट लिखा, जिसमें बताया कि वह अब असली दुनिया से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया से दूर जा रही हैं। अनुष्का शेट्टी ने लिखा, ब्लू लाइट से कैंडल लाइट की ओर जा रही हूं। कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूर जा रही हूं ताकि असली दुनिया से दोबारा जुड़ सकूं। जल्द लौटूंगी और भी कहानियों और ढेर सारा प्यार लेकर।

### फैंस हुए मायूस, अनुष्का शेट्टी को यूं दिया हौसला

जहां अनुष्का शेट्टी के सोशल मीडिया से ब्रेक लेने पर फैंस मायूस हो गए, उन्हें इस बात की भी खुशी हुई कि उनकी फेवरेट एक्ट्रेस अब असली दुनिया में लौट रही हैं। एक फैन ने लिखा, ओएमजी! आप रियल वर्ल्ड में वापसी कर रही हैं, इंतजार रहेगा आपका स्वीटी। एक और फैन का ट्वीट है, आपने काफी उतार-चढ़ाव देख लिया है स्वीटी, ये नया नहीं है। अब बस इंतजार है उस लेडी सुपरस्टार का, जिसने इतिहास रचा था। ब्रेक लो और और भी मजबूत होकर लौटो। वहीं, एक और कमेंट ने दिल जीत लिया- स्वीटी, अच्छे डायरेक्टर्स के साथ काम कीजिए, आपकी डेडिकेशन का कोई मुकाबला नहीं। आप ऑल-टाइम बेस्ट हैं।

## अब इस फिल्म में दिखेंगी अनुष्का

अनुष्का शेट्टी की फिल्म घाटी की बात करें, तो यह 5 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठंडी पड़ गई और एक हफ्ते में सिर्फ 6.64 करोड़ रुपये ही कमा पाई है। इसे कृष्णा जगर्लामुड़ी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में अनुष्का के साथ विक्रम प्रभु हैं। अनुष्का शेट्टी अब जल्द ही रोजिन थॉमस की हॉरर-फैंटेसी थ्रिलर कथानार-द वाइल्ड सोर्सरर में नजर आएंगी। इससे वह मलयालम फिल्मों में डेब्यू करने जा रही हैं। इसमें वह नीला नाम की बुनकर का रोल प्ले करेंगी।



# मेरा लक्ष्य साल में 50 प्रोजेक्ट करना नहीं, बल्कि बेहतरीन काम को चुनना है

**वेटरन एक्टर शक्ति कपूर के बेटे सिद्धांत कपूर इन दिनों वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर चर्चा में हैं। यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज उन्हें स्क्रिप्ट लेवल पर ही अच्छी लगी। वे कहते हैं... इसकी स्क्रिप्ट की रहस्यमयता और मेरे डार्क किरदार की चुनौती ने मुझे तुरंत हां कहने पर मजबूर कर दिया। मुझे हमेशा ऐसे रोल पसंद आते हैं जो मुझे मेरी सीमाओं से आगे ले जाएं। इस बार भी वही हुआ।**

## सीरीज के कुछ सीन शारीरिक रूप से मेरे लिए बड़े ही चुनौतीपूर्ण रहे...

किरदार की तैयारी को लेकर सिद्धांत खुद को ऑन-द-स्पॉट एक्टर मानते हैं। उन्होंने कहा... मैंने स्विच ऑन और स्विच ऑफ आर्ट का इस्तेमाल किया। हालांकि, शूटिंग आसान नहीं थी। कम रोशनी और रात के सीन, साथ ही एक्शन सीक्वेंस ने काफी मेहनत कराई। एक सीन में हाथ काटने का विजुअल था जो शारीरिक रूप से बेहद ही चुनौतीपूर्ण रहा।

## अलग-अलग तरह के रोल करना ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है...

ओटीटी पर काम को लेकर सिद्धांत बेहद सकारात्मक सोच रखते हैं। उनके मुताबिक, ओटीटी ने सभी के लिए नए दरवाजे खोले हैं। आगे भी मैं हर तरह के रोल निभाना चाहता हूं। चाहे पॉजिटिव हो, नेगेटिव या कॉमेडी। मैं साल में 50 फिल्में करने का इरादा नहीं रखता। करियर में अलग-अलग तरह के रोल करना ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

## श्रद्धा के डेडिकेशन से हमेशा कुछ नया सीखने को मिलता है...



बहन श्रद्धा कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने पर सिद्धांत ने कहा.. अगर हमें कोई अच्छी स्क्रिप्ट मिलती है, तो मैं श्रद्धा के साथ काम करना जरूर पसंद करूंगा। हम दोनों भाई-बहन होने के साथ-साथ अच्छे दोस्त भी हैं और एक-दूसरे को बहुत अच्छे से समझते हैं। हमारे बीच एक नैचुरल बॉन्ड है, जो परदे पर भी झलक सकता है। श्रद्धा एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं, उनकी एनर्जी और डेडिकेशन से हमेशा कुछ नया सीखने को मिलता है।

# कौन हैं रितिका नायक?

## मिराय में जीता सबका दिल



तेजा सज्जा और मांचू मनोज की एक्शन-एडवेंचर से भरी मायथोलॉजिकल फिल्म 'मिराय' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। दर्शकों को फिल्म के विजुअल्स और वीएफएक्स काफी प्रभावित कर रहे हैं। लेकिन इस फिल्म के रिलीज होते ही अगर किसी को सबसे ज्यादा सर्च किया जा रहा है तो वो हैं फिल्म में नजर आई रितिका नायक। रितिका फिल्म की लीड एक्ट्रेस हैं। अब उनकी खूबसूरती और मासूमियत ने लोगों को प्रभावित किया है। दिल्ली में एक ओड़िया परिवार में जन्मीं रितिका नायक ने दिल्ली पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की है। साल 2019 में रितिका ने दिल्ली टाइम्स फ्रेश फेस का 12वां सीजन भी जीता है।

### 2022 में किया फिल्मों में डेब्यू

रितिका को शुरू से ही एक्टिंग की दुनिया में जाना था। कई जगह ऑडिशन देने के बाद रितिका को साल 2022 में आई 'अशोक वनमलो अर्जुन कल्याणम' में एक्टिंग करने का मौका मिला। इस फिल्म से रितिका ने तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में अपना डेब्यू किया। इस फिल्म में रितिका के साथ विश्वक सेन और रुखसार ढिल्लन भी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इस फिल्म के लिए रितिका को स्ढ्ढढ्ढरू अवॉर्ड में बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस का नॉमिनेशन भी मिला। इसके बाद रितिका 2023 में आई नानी और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'हाय नन्ना' में भी नजर आई थीं। हालांकि, इस फिल्म में उनका सिर्फ कैमियो था। इसके बाद अब 'मिराय' रितिका की तीसरी फिल्म है। इस फिल्म में वो मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा उनकी आगामी फिल्मों में विजय देवरकोंडा के भाई आनंद देवरकोंडा की फिल्म 'डुएट' शामिल है।







# डांस की वजह से ऐक्टर बनने में काफी मदद मिली

डांसर के रूप में वाहवाही बटोरने वाले शांतनु माहेश्वरी अब बतौर ऐक्टर भी लोगों का दिल जीत रहे हैं। गंगूबाई काठियावाड़ी और औरों में कहां दम था जैसी फिल्मों के बाद अब वह फिल्म लव इन वियतनाम में लीड भूमिका निभा रहे हैं। शांतनु के मुताबिक, डांस की वजह से उन्हें ऐक्टर बनने में काफी मदद मिली, क्योंकि हर डांसर में एक ऐक्टर होता ही है।
इन दिनों शांतनु की तरह डांसर रहे राघव जुयाल भी ऐक्टर के रूप में धमाल मचा रहे हैं। ज्यादातर डांसर्स के ऐक्टिंग की ओर रुख करने को लेकर शातनु का कहना है, अगर आप डांसर हैं, तो ऐक्टिंग खुद-ब-खुद आ जाती है। डांस में भी मुद्राएं होती हैं, आपको आंखों से भाव दिखाने होते हैं। आप सिर्फ स्टेप्स करके अच्छे डांसर नहीं बन सकते। आप अच्छे डांसर तभी होते हैं, जब उन भावों को भी दिखाते हैं। डांस आपको रिद्म सिखाता है, जो ऐक्टिंग में भी काम आता है। इसलिए, मेरा मानना है कि डांस से ऐक्टिंग में मदद मिलती है। बाकी, जरूरी नहीं कि हर डांसर आगे ऐक्टर ही बने, यह सबकी अपनी-अपनी चॉइस है।
गंगूबाई काठियावाड़ी और औरों में कहां दम था के बाद शांतनु लव इन वियतनाम में भी एक जुनूनी आशिक की भूमिका निभा रहे हैं। लेकिन आज के घोस्टिंग, बेंचिंग वाले दौर में वह इस शिद्दत वाले प्यार से कितना रिलेट करते हैं? इस पर वह कहते हैं, ये चीजें पहले भी हुआ करती थीं, बस ये शब्द नहीं गढ़े गए थे। वरना दिलफेंक आशिक पहले भी घूमते थे। कैसानोवा पहले भी होते थे। बेंचिंग का कॉन्सेप्ट पहले भी था, बस ये शब्द नहीं बने थे। अब इनका इस्तेमाल ज्यादा होने लगा है। हालांकि, मैं तो शिद्दत वाले प्यार में यकीन करता हूं।
फिल्म में शांतनु के साथ सोशल मीडिया स्टार अवनीत कौर भी हैं। इन दिनों इंडस्ट्री में टैलंट के बजाय सोशल मीडिया फॉलोअर्स के आधार पर कास्टिंग करने को लेकर भी बहस छिड़ी हुई है। इस बारे में शांतनु का कहना है, कभी-कभी इस बात का बुरा लगता है, पर जो चीज चल रही है, उससे आपको समझौता करना पड़ेगा। आपके या मेरे बोलने से कुछ होने नहीं वाला है। मार्केट में अगर यह चल रहा है तो आप इस पर काम करिए या इसे स्वीकार लीजिए। हालांकि, ऐसा नहीं है कि हर कोई इसी आधार पर कास्टिंग कर रहा है, लेकिन निश्चित तौर पर अगर आपके सोशल मीडिया फॉलोअर्स हैं तो बहुत बड़ा प्लस पाइंट है।

## राज सर बोले आज को इंजॉय करो

फिल्म में राज बब्बर जैसे सीनियर अभिनेता के साथ काम के अनुभव पर शांतनु ने बताया, मेरी राज बब्बर सर के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने बिल्कुल बिना किसी फिल्टर के मुझे अपनी जिंदगी के अनुभवों के बारे में बताया। उन्होंने बड़े पते की बात ये कही कि अभी जिस पल में हो उसे एंजॉय करो, क्योंकि हम ऐक्टर्स की जिंदगी इतनी अनिश्चित होती है कि किसी को नहीं पता कि ये वक्त फिर आएगा या नहीं। कभी हर कोई आपके साथ काम करना चाहेगा, तो कभी कोई पानी भी नहीं पूछेगा तो अभी जो है, उसका पूरा लुत्फ लो।



# पूर्व विधायक सहित तीनों जनों पर जमीन पर कब्जा कर पत्थर चोरी कर ले जाने का आरोप, मामला दर्ज

द डेस्प्रिंग

**रुदावल, / भरतपुर / रामकुमार उपाध्याय।** रुदावल थाना पुलिस में एक जने ने पूर्व भाजपा विधायक बच्चूसिंह बंशीवाल सहित तीन जनों के खिलाफ उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर अवैध रूप से ब्लास्टिंग कर अवैध खनन करके पत्थर चोरी कर ले जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। रुदावल थाना प्रभारी बालकृष्ण फौजदार ने बताया कि गांव बांसी पहाडपुर निवासी रामअवतार पुत्र नृपतसिंह ठाकुर ने मामला दर्ज कराया है कि उसकी व उसके परिवारजनों की गांव बांसी में खातेदारी जमीन है। इस जमीन पर पूर्वजो के समय से काश्त करते चले आ रहे हैए लेकिन इस जमीन पर मानसरोवर जयपुर निवासी मनोज कुमार पुत्र नैमीचंदए गांव बसई निवासी बच्चूसिंह पुत्र कंचनसिंहए गांव महलपुर चूरा निवासी हरिओम सिंह पुत्र बेतालसिंह ने एकराय होकर जबरन हथियारों व राजनैतिक पहुंच के बल पर 27 जून 2025 को कब्जा कर जेबीसी मशीन व एलएनटी एवं ट्रेक्टर से डोल मेड तोडकर अवैध रूप से माईनिगं कर अवैध ब्लास्टिंग करने लग गए है। जब उसने जेबीसी मशीन चलाने की मना किया तो ऑपरेटरों ने जेसीबी से मारने की कोशिश और उसकी जमीन को खोदना शुरू कर दिया है। आरोपित इस जमीन से पत्थर को खोदकर चोरी करके ले जा रहे है। उसकी खातेदारी जमीन को खोद दिया है। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर उसे खेत से भगा दिया। रिपोर्ट में बताया कि जमीन में दो जगह गड्ढा करके नुकसान कर दिया और अवैध खनन कर पत्थर चोरी करके ले जा रहे है।

# शहरी सेवा शिविर का हुआ आगाज

## एक महीने तक चलेगा शिविर

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।** नगर परिषद के वीसी रूम में बुधवार को शहरी सेवा शिविर की शुरुआत हुई। शिविर प्रभारी एटीपी उदय सिंह ने बताया कि पहले दिन वार्ड नं. 11 और 12 के 100 से ज्यादा लोगों ने अलग अलग कार्यों और योजनाओं को लेकर शिविर का फायदा लिया। कैंप में पहले दिन दो पट्टे भी जारी किए गए। प्रभारी ने बताया कि 17



सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में साफ सफाई, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, यूडी टैक्स, लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी करना, नालियों व सीवरेज की मरम्मत, लम्बित प्रकरणों का निस्तारण, फ्लैगशिप योजनाओं में आवेदन, केंद्रीय योजनाओं के आवेदन सहित मेडिकल जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।शिविर प्रभारी ने बताया कि 17 से 20 सितम्बर तक नगर परिषद में वार्ड नं. 11, 12, 13, 14, 18, 19, 20 और 33, 23 व 24 सितम्बर तक जाट समाज भवन में वार्ड नं. 1 से 6, 25 से 26 सितम्बर तक माली समाज भवन में वार्ड नं. 7,8,9,10 व 15, 27 व 29 सितम्बर को जेसीके गार्डन में वार्ड नं. 48, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59 व 60, 1, 3 व 4 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में वार्ड नं. 44, 45, 49, 50, 51, 52, 27, 36, 37 व 38, 6 से 9 अक्टूबर तक फतेहपुरिया भवन में वार्ड नं. 31, 33, 39, 32, 34, 35 व 43, 10 व 11 अक्टूबर को अम्बेडकर भवन होली धोरा में वार्ड नं. 40, 41, 42, 46 व 47, 13 व 14 अक्टूबर को नया बास क्लब में वार्ड नं. 23, 24, 25, 28 व 29, 15 अक्टूबर को भारत चौक भवन में वार्ड नं. 16, 17, 21, 22 व 26 और 16, 17 अक्टूबर को नगर परिषद के वीसी रूम में सभी वार्डों के लिए कैंप लगाए जाएंगे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

## बेटियों ने अंडर 17 छात्रा वर्ग कबडडी में जिला स्तर पर लहराया परचम

द डेस्प्रिंग




**बहरोड़/ हवासिंह चौधरी ।** शिवालिक उच्च माध्यमिक विद्यालय बहरोड़ के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायली, बानसूर में चल रही 17 आयु वर्ग छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियो ने कोटपूतली - बहरोड़ में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 17 सितम्बर को शिवालिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, बहरोड़ में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आगमन पर विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व माला पहनाकर सम्मान किया गया। टीम में खिलाड़ी स्नेहा, प्रतिभा, पूवांशी, चन्दा, दीक्षा, रितिका, नाजूक, मोनिका, विधि, माही, अक्षिका व लविस्का रहे। इस सम्पर्ण प्रतियोगिता में शिवालिक की छात्रा पूर्वाशी को बेस्ट आलराउण्डर के रूप में सिलेक्ट कर सम्मानित किया गया। कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता के कोच रामनरेश यादव (जिला पार्षद) निवासी मांचल मुख्य कोच की भूमिका में टिंकू यादव निवासी-मांचल सहायक कोच अहम भूमिका रही। विद्यालय परिसर स्कूल शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं विद्यालय।स्तर पर तैयारी करवाता है। विद्यालय के बहुत से ऐसे बच्चे है जो खेलकूद में सक्रिय रहते हुये उच्च राजकीय पदों पर कार्यरत है। शिवालिक परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के सदैव तत्पर है।इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक श्री लेखराम यादव, प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बच्चों को सम्बोधित करते हुये सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य कोच रामनरेश यादव ने बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी ने एक अलग विलक्षण प्रतिभा होती है। सभी को शिक्षा के साथ-साथ अपनी प्रतिभा को पहचानते हुये आगे बढ़ने का हर संभव प्रयास करते रहना चाहिए। संस्था के चेयरमेन वरूण कुमार ने बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा कि ÷मान ली तो हार है और ठान ली तो जीत है÷। विद्यार्थी अपना एक लक्ष्य निर्धारित करे एवं लक्ष्य प्राप्ति तक हर संभव प्रयास करे जब तक लक्ष्य प्राप्ति ना हो तब तक ना रूके। ऐसे ही ओजस्वी एवं जोशशील शब्दों से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य रमेश कुमार सुथार ने सभी उपस्थित अतिथि, समस्त स्टाफगण एवं छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापन किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान समस्त स्टाफगण उपस्थित रहें।

# नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर बौहराज स्कूल में गूंजा भारत माता का जयघोष

## वृक्षारोपण कर बच्चों ने दिया प्रकृति को अनमोल तोहफा।

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल / महुआ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के जन्मदिन पर मंगलवार को महुआ स्थित द बौहराज ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य आयोजन हुआ। सुबह से ही स्कूल परिसर में जोश और उल्लास का माहौल रहा। हर ओर मोदी जी अमर रहें और जय नरेंद्र मोदी के नारों से वातावरण गूंज उठा, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट करने से हुई। इसके बाद शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मोदी जी के संघर्षपूर्ण जीवन, सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में किए गए ऐतिहासिक योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने मोदी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर देश सेवा और राष्ट्र निर्माण का संकल्प दोहराया। विद्यालय परिसर में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बच्चों ने पौधारोपण कर धरती माता को अमूल्य उपहार दिया। पौधे लगाते हुए बच्चों ने यह संदेश दिया कि प्रकृति की रक्षा करना भी सच्ची देशभक्ति का हिस्सा है। इस दौरान बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला और पूरा परिसर हरियाली और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। विद्यालय निदेशक विनय बौहरा और सह-निदेशक विकास बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए जीवंत प्रेरणा हैं। उनका जीवन यह सिखाता है कि कठिन परिश्रम, आत्मानुशासन और निस्वार्थ देशभक्ति से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे मोदी जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल पी.ओ. नागर, सभी विषयाध्यक्ष, शिक्षकगण और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में अभूतपूर्व उत्साह और देशभक्ति की लहर दिखाई दी।




# फर्जी फास्टैग लगाकर अवैध परिवहन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया

द डेस्प्रिंग



**सोनभद्र ।** सोनभद्र थाना राबर्ट्सगंज पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मु.) अनिल कुमार के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा एवं खनन अधिकारी के नेतृत्व में अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहन संख्या-P 64 CT 2189 को चेक किया गया तो उक्त वाहन द्वारा फर्जी फास्टटैग लगाकर अवैध परिवहन करना पाया गया। चेकिंग के दौरान वाहन चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया था। वाहन को अभिरक्षा में लेते हुए खनन अधिकारी द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु.अ.सं.-956/25 धारा 303(2), 317(2), 318(4), 336(3), 340(2) बीएनएस एवं धारा 3(1)58/72(6) उ.प्र. उपखनिज परिहार नियमावली, 4/21 खान व खनिज अधि. व 3 सार्वजनिक सम्पत्ति क्षति निवरण अधि. का अभियोग पंजीकृत कराया गया। उक्त मुकदमें से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त/चालक चन्द्रशेखर पुत्र सुभाष निवासी ग्राम मलेवर मोहल्ला मलेवरिया थाना नौगढ़ जनपद चंदौली उम्र करीब 23 वर्ष को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा आज दिनांक17.09.2025 को रोडबेज बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया गया। अभियुक्त का नाम चन्द्रशेखर पुत्र सुभाष निवासी ग्राम मलेवर मोहल्ला मलेवरिया थाना नौगढ़ जनपद चंदौली उम्र करीब 23 वर्ष **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में** उ.नि. उमाशंकर यादव चौकी प्रभारी लोढ़ी थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।,हे.का. अभिमन्यू यादव चौकी लोढ़ी थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।

# शहरी सेवा शिविर अभियान-2025 का हुआ आगाज,पहले दिन तीन वार्डों के लोगों की समस्याओं का किया समाधान

## परशुराम धर्मशाला में हुआ शहरी शिविर का आयोजन

द डेस्प्रिंग




**बाड़ी/आशीष शर्मा ।** राज्य सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी एवं उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के मार्गदर्शन में शहरी सेवा शिविर अभियान-2025 का शुभारंभ नगर पालिका बाड़ी क्षेत्र के परशुराम धर्मशाला परिसर से हुआ।अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि अभियान का उद्देश्य आमजन को विभिन्न सेवाओं और योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मौके पर उपलब्ध कराना है।शिविर में दी गई प्रमुख सेवाएँ जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र वितरण पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत स्वीकृति एवं प्रमाण पत्र प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत प्रमाण पत्र व किस्तें जारी विभिन्न विभागों द्वारा अन्य आवश्यक सेवाएँ दी गई। इस दौरान शिविर में सहायक प्रशासनिक अधिकारी निश्चल बैनर्जी,वरिष्ठ प्रारूपकार सुधीर कुमार त्यागी,वरिष्ठ सहायक लोकेश कुमार गर्ग,सफाई प्रभारी यादवेंद्र सिंह तोमर, कैशियर मांगीलाल गर्ग,टाऊन प्लानिंग स्पेशलिस्ट तपेश बिधूडी,सामुदायिक संगठक जोगेन्द्र मीणा,कनिष्ठ लिपिक कामिनी श्रीवास्तव, मनु बिधूडी, गोविंद सिंह, पुनीत कपरेला, अंकित कुमार सहित अन्य कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

**पीएम शहरी आवास योजना से हुआ पक्के घर का सपना** - बाड़ी क्षेत्र की निवासी अशर्फी पत्नी नवल सिंह अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते कई वर्षों तक पक्के घर में रहने का सपना अधूरा था।लेकिन पीएम शहरी आवास योजना के चलते आज नगरपालिका बाड़ी द्वारा आज उनको लाभ प्रदान किया गया।जिससे वर्षों से पक्के घर में रहने का अधूरा सपना साकार हो गया।इसके लिए अशर्फी ने केंद्र एवं राज्य सरकार के साथ-साथ प्रशासन और बाड़ी नगरपालिका का धन्यवाद दिया।

# शांति समिति की बैठक संपन्न - नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा के सफल आयोजन हेतु रूपरेखा तैयार

## सी ओ पिपरी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक, पर्वों की तैयारियों को लेकर की गई व्यापक चर्चा

द डेस्प्रिंग



**सोनभद्र ।** सोनभद्र थाना अनपरा परिसर में आज दिनांक 17.09.2025 को आगामी नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना अनपरा परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार द्वारा की गई। इस बैठक में धर्मगुरु, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, रामलीला एवं दुर्गा पूजा समितियों के आयोजक, तथा थाना अनपरा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा करते हुए पर्वों के सफल एवं निर्विघ्न आयोजन में प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं आयोजकों से संवाद करते हुए कहा कि सभी धार्मिक आयोजनों को आपसी समन्वय, भाईचारे एवं कानून व्यवस्था का पालन करते हुए सम्पन्न किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, असामाजिक गतिविधियों या भड़काऊ सामग्री को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक के उपरांत, क्षेत्राधिकारी श्री अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना अनपरा क्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए दुर्गा पूजा स्थलों एवं पंडालों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान आयोजकों को सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, एवं ट्रैफिक नियंत्रण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में चौकी प्रभारी रेनूसागर संजय सिंह, उप निरीक्षक अशोक सिंह, ओम प्रकाश खंडेलवाल, प्रमोद शुक्ला अध्यक्ष अनपरा भाजपा मंडल, पूर्व अध्यक्ष अनपरा भाजपा मंडल, राजेश कुमार गुप्ता, राम नरेश बैसवार, प्रथम श्रीवास्तव, गुड्डू उपाध्याय, संदीप यादव, धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता, दीपक मिश्रा इत्यादि।

# कायस्थ वाहिनी अंतर्राष्ट्रीय के राजनीतिक प्रकोष्ट का हुआ विस्तार - बाहुबली सुरेन्द्र कुलश्रेष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत

द डेस्प्रिंग

**बस्ती / संजय कुमार** कायस्थ वाहिनी अंतर्राष्ट्रीय पिछले कई वर्षो से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उतर कर कायस्थ एकता के लिए सतत प्रयत्नशील है । राष्ट्रीय इकाई के विस्तार के क्रम में राजनीतिक प्रकोष्ठ का विस्तार प्रारम्भ हुआ स्थापित - चर्चित - सम्मानित - बाहुबली - कायस्थ सिंघम - कार्यस्थ सेना के संस्थापक सुरेन्द्र कुलश्रेष्ठ जी को उनके नेतृत्व को ध्यान रख राष्ट्रीय अध्यक्ष ( राजनीतिक प्रकोष्ठ ) मनोनीत किया गया ।

उक्त बात की जानकारी देते हुए वाहिनी प्रमुख पंकज भईया ने बताया कि बाहुबली सुरेन्द्र कुलश्रेष्ठ जी के साथ आने से संगठन को न सिर्फ बल मिलेगा बल्कि कायस्थ समाज में एकता का संचार होगा । आगरा मण्डल प्रभारी शौरभ कुलश्रेष्ठ ने बताया कि जल्द ही सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों एवम सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होगा । राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ के मनोनयन पर सुबह से ही बधाइयों एवम शुभकामनाओं का तांता लगा हुआ है - मुख्य रुप से मनीष श्रीवास्तव , कमलेश श्रीवास्तव , तरुण श्रीवास्तव , रत्नेश श्रीवास्तव , रविशंकर श्रीवास्तव , श्रवण श्रीवास्तव , सुभाष श्रीवास्तव ,प्रमोद श्रीवास्तव , रणविजय सिंह , राज किरण , विनायक श्रीवास्तव , हरि श्याम लाल श्रीवास्तव , अतुल श्रीवास्तव , अखिलेन्द्र श्रीवास्तव , मनीष श्रीवास्तव , बी के श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ वी एस श्रीवास्तव जी के सहयोग से अब कायस्थ एकता को नया आयाम मिलेगा ।

# तीन बैग में मिले 56 किलो चांदी के जेवरात

## कोतवाली पुलिस ने दी जीएसटी और इनकम टैक्स के अधिकारियों को सूचना

द डेस्प्रिंग



**सुजानगढ़।** कोतवाली पुलिस ने डस्टर कार के चालक से तीन बैग में भरे 56 किलो चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। डीएसपी दरजाराम बोस ने बताया कि 14 सितंबर को छापर रोड पर हुई सड़क दुर्घटना के बाद डस्टर कार के चालक आदित्य जैन से 3 बैग बरामद किए गए, जिनमें भरे जेवरातों के बारे में चालक आदित्य कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और न ही उसके पास बिल मिले। डीएसपी ने बताया कि 56 किलो चांदी जेवरात के बारे में जीएसटी और इनकम टैक्स के अधिकारियों को कोतवाली पुलिस ने सूचना दे दी है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर हल्दैना में सेवा पखवाड़े की गूंज

## स्वच्छता, वृक्षारोपण और ग्राम सेवा शिविर से जनकल्याण का नया अध्याय।

द डेस्प्रिंग





**मनोज खंडेलवाल हल्दैना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत मंडावर विधानसभा क्षेत्र में जनसेवा और विकास कार्यों की सशक्त शुरुआत हुई। भाजपा मंडल मंडावर ने इस अवसर को सेवा पर्व में बदलते हुए सोमवार को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दैना में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर की पूरी साफ-सफाई कर स्वच्छ भारत मिशन को गति देने और ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

इसके बाद बूथ संख्या 46 पर विधायक राजेंद्र मीना के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मोदी के ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। विधायक ने पौधा लगाते हुए इसे प्रकृति संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए अनमोल धरोहर बताया। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी सुरक्षा को अपना दायित्व मानें। ग्राम पंचायत हलदैना में विधायक राजेंद्र मीना ने 'ग्राम सेवा शिविर 2025' का शुभारंभ किया। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही ग्रामीणों को उपलब्ध कराया गया। विधायक ने लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए और जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि यह शिविर सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके तहत योजनाओं का लाभ बिना देरी और भेदभाव के सीधे आमजन तक पहुंच रहा है। विधायक ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस को सेवा के रूप में मनाने की परंपरा को ऐतिहासिक बताया और कहा कि मोदी का जीवन राष्ट्र निर्माण, सेवा और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। सेवा पखवाड़ा केवल औपचारिकता नहीं बल्कि विकास और संवेदना का गहरा संदेश है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी करने और क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर मंडावर उपखंड अधिकारी अमित कुमार वर्मा, तहसीलदार अक्षयप्रेम चेयरवाल, सरपंच रुमा देवी मीना, सरपंच संघ अध्यक्ष लल्लूराम मीना, पूर्व सरपंच मंगलराम मीना, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, उपाध्यक्ष सोनू वशिष्ठ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर शुरू किया सेवा पखवाड़ा

## सफाई अभियान से की शुरुआत

द डेस्प्रिंग



**सुजानगढ़।** बुधवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत सफाई का कार्य गांधी चौक स्थित प्राचीन गढ़ के पास भैरवनाथ मंदिर के क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया की अध्यक्षता में किया गया । इस सेवा पखवाड़े के तहत अनेकों कार्य किए जाएंगे जो की 2 अक्टूबर तक चलेंगे जिसमें दीनदयाल उपाध्याय जयंती,रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, सफाई के कार्य, एक पेड़ मां के नाम, प्रबुद्ध सम्मेलन आदि कार्य होंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता की शपथ भी ली। इसके पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा छापर रोड स्थित निराश्रित गौ सेवा चिकित्सालय में जाकर गायों को गुड व हरि घास खिलाई गई तथा प्रधानमंत्री की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी व बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, पूर्व विधायक खेमाराम मेघवाल, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच,बुद्धि प्रकाश सोनी, गणेश मंडावरिया, शोभांग कंवर, भंवरलाल बिजारणियां,जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच ,मंडल उपाध्यक्ष सुमन सामरिया, मंडल मंत्री यशोदा प्रजापत, तनसुख प्रजापत,दीनदयाल पारीक ,बाबूलाल कुलदीप ,मनोज पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, महामंत्री गौरव इंदौरिया,उपनेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणियां, प्रेम स्वामी, दिलीप चौधरी,मण्डल उपाध्यक्ष अमरचंद सैन,गोपाल पारीक, मण्डल मंत्री प्रियांशु लड़ा, महेश पारीक , कमल दाधीच,राजेश सुंदरिया,मुरली सेन, विपिन तूनवाल, राजकुमार बेड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केशोरायपाटन की बेटी शैली शर्मा ने फिल्म इंडस्ट्री की दुनिया में अंतराष्ट्रीय स्तर पर किया नाम रोशन

## टीआईएफएफ -2025 भारत की ब्रज भाषा फिल्म विमुक्त इन सर्च ऑफ़ द स्काई का विश्व प्रीमियर महोत्सव में हुआ

द डेस्प्रिंग




**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)।** केशोरायपाटन की बेटी शैली शर्मा को टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित किया गया है। ब्रज भाषा की फिल्म विमुक्त को टोरंटो अन्तराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में नेटपेक सर्वश्रेष्ठ एशियाई फिल्म का पुरस्कार मिला है। टीआईएफएफ-2025 में भारत की ब्रज भाषा फिल्म विमुक्त-इन सर्च ऑफ द स्काई का विश्व प्रीमियर हुआ। फिल्म ने नेटपेक सर्वश्रेष्ठ एशियाई फिल्म पुरस्कार प्राप्त किया। टोरंटो अन्तरराष्टीय फिल्म महोत्सव 4 से 14 सितम्बर तक आयोजित हुआ। फिल्म निर्देशक जीतांक सिंह गुर्जर तथा निर्माता पूजा विशाल शर्मा द्वारा निर्मित, ब्रजभाषा की यह फिल्म एक गरीब दंपती के मानसिक रूप से अस्थिर बेटे के महाकुंभ तक के सफर को दर्शाती है। फिल्म की छायाकाररचनात्मक निर्देशक और कार्यकारी निर्माता शैली शर्मा है। शैली शर्मा केशवराय पाटन निवासी अशोक शर्मा व संपत शर्मा की पुत्री हैं। वैश्विक मंच पर महिला छायाकार शैली शर्मा का काम देखना गर्व की बात है, जिसकी सभी ने सराहना की। शैली शर्मा की सिनेमैटोग्राफी इस फिल्म की एक बड़ी ताकत है। उनके द्वारा किया गया छायांकन बेहद प्रभावशाली है। शैली ने कहा कि यह फिल्म एक साधारण कहानी पर आधारित है, जिसे किसी स्थापित प्रोडक्शन हाउस या स्टारकास्ट के समर्थन के बिना बनाया गया है। जिससे इसका प्रीमियर भारत में स्वतंत्र फिल्म निर्माण समुदाय के लिए एक सशक्तिकरण क्षण बन गया है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447